रविवार, 16 फरवरी 2025

मौसम

तापमान 32 – 21
आर्द्रता 43%
सूर्योदय: 6:08 सूर्यास्त: 17:34

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




दिल्ली कैपिटल्स ने रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर मुंबई इंडियंस को हराया –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : देना शुरू कर दें, आना शुरू हो जायेगा। इज्जत और बरकत दोनों।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 15 लोगों की मौत

## महाकुंभ जाने के लिए उमड़ी थी भीड़



**नई दिल्ली :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात अत्यधिक भीड़भाड़ के बाद मची भगदड़ में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना रात करीब 10 बजे के आसपास प्लेटफार्म 13 और 14 पर घटी, जब हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए अपनी ट्रेनों में चढ़ने के लिए एकत्र हुए थे। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में मौतों की पुष्टि की। दिल्ली फायर सर्विस को एक इमरजेंसी कॉल मिली और उसने तुरंत 4 दमकल गाड़ियों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भेजा। इसके अतिरिक्त एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया। रेलवे पुलिस और दिल्ली पुलिस ने घायलों को एलए-नजेपी और लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया। भीड़भाड़ और हंगामे के कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने के दावों का रेलवे के अधिकारियों ने खंडन किया और कहा कि यह घटना महाकुंभ के हजारों श्रद्धालुओं के प्लेटफार्मों पर एकत्र होने के बाद हुई।

### प्रयागराज में भीषण हादसा: मेजा में बस की टक्कर से बोलेरो सवार 10 श्रद्धालुओं की मौत

**प्रयागराज :** मेजा में प्रयागराज मिर्जापुर हाईवे पर शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यहां श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और बस में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें बोलेरो सवार सभी 10 श्रद्धालुओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। यह सभी छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के रहने वाले थे और संगम स्नान के लिए मेला क्षेत्र में आ रहे थे। हादसे में बस में सवार 19 श्रद्धालु भी जख्मी हुए हैं जो संगम स्नान के बाद वाराणसी जा रहे थे। सभी घायलों को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया है। बस में सवार सभी श्रद्धालु मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं।

# ईडी ने पीएमएलए मामले में 1,646 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक धोखाधड़ी निवेश योजना में धनशोधन मामले की जांच के तहत 1,646 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसमें प्रतिभूति निवेश के नाम पर कई जमाकर्ताओं को धोखा दिया गया था। ईडी के अहमदाबाद कार्यालय ने 'बिटकनेक्ट ऋण कार्यक्रम' के माध्यम से निवेश के रूप में प्रतिभूतियों की 'धोखाधड़ी' और गैरपंजीकृत पेशकश और बिक्री से संबंधित मामले में शनिवार को नए दौर की तलाशी पूरी करने के बाद 13.50 लाख रुपये नकद, एक गाड़ी और कई डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज ईडी का मामला सूरत पुलिस अपराध शाखा की प्राथमिकी से शुरू हुआ है, जिसमें कहा गया कि कथित धोखाधड़ी नवंबर, 2016 से जनवरी, 2018 बीच हुई थी। एजेंसी ने अपने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की एक टीम तैनात की, जिन्होंने कई क्रिप्टो वॉलेट्स में किए गए लेनदेन के 'जटिल जाल' की जांच की, ताकि इन क्रिप्टो वॉलेट्स के मूल और नियंत्रकों का पता लगाया जा सके।






# एआई में दूरगामी प्रगति की उम्मीद के साथ भविष्य में बड़े बदलाव होंगे: राष्ट्रपति



**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और 'मशीन लर्निंग' के क्षेत्र में दूरगामी प्रगति के साथ भविष्य में बड़े बदलाव होंगे। मुर्मू ने कहा कि केंद्र उच्च शिक्षा में एआई को एकीकृत करने के लिए कदम उठा रहा है और यह गर्व की बात है कि रांची स्थित 'बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान' (बीआईटी), मेसरा 2023 में संबंधित पाठ्यक्रम शुरू कर इस क्षेत्र में अग्रणी है। मुर्मू ने बीआईटी मेसरा के 'प्लेटिनम' जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''हमारा युग प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नयी प्रगति ने हमारे जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। आने वाले वर्षों में और भी बड़े बदलाव होने वाले हैं और विशेष रूप से एआई और 'मशीन लर्निंग' में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''चूंकि एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है इसलिए भारत सरकार ने उभरते परिदृश्य के अनुसार तेजी से कदम उठाए हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही हैं।'' हालांकि, उन्होंने नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान आधार को नजरअंदाज न करने के लिए आगाह करते हुए कहा, ''समस्याओं के समाधान के लिए अकसर बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती।''

# महाकुंभ में त्रिजटा पर एक करोड़ से अधिक लोगों ने किया स्नान

## शास्त्री पुल के नीचे उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** महाकुंभ में शुक्रवार को 50 करोड़ से अधिक लोगों के गंगा और संगम में स्नान करने का रिकॉर्ड बनने के दूसरे दिन शनिवार को फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर एक करोड़ से अधिक लोगों ने यहां स्नान किया। वहीं दूसरी ओर, त्रिजटा स्नान के साथ, माघ माह के कल्पवास में प्रथम साधक दंडी स्वामी संतों का भी महाकुंभ नगर से शनिवार को प्रस्थान हो गया। इससे पूर्व माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ कल्पवासी और बसंत पंचमी के अमृत स्नान के बाद 13 अखाड़ों के साधु संत महाकुंभ मेले से प्रस्थान कर चुके हैं। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, शनिवार को शाम आठ बजे तक कुल 1.36 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया तथा 13 जनवरी के बाद से अभी तक कुल 52.83 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। संगम की पावन रेती पर एक महीने से प्रवास कर रहे सनातन धर्म के संरक्षक माने जाने वाले दंडी स्वामी संतों ने शनिवार को महाकुंभ में अपना अंतिम स्नान किया और उसके बाद अपने-अपने मठों की तरफ प्रस्थान कर गए। अखिल भारतीय दंडी परिषद के प्रमुख जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम ने कहा कि माघ के महीने का कल्पवास तो माघी पूर्णिमा स्नान के साथ पूर्ण हो जाता है, लेकिन कल्पवास करते समय जाने अनजाने में कभी कोई पाप हो जाए तो ये पाप संगम में त्रिजटा स्नान के बाद ही कटता है। शनिवार को आम लोगों के संगम स्नान के बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अपर्णा बिष्ट यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सांसद और बीसीसीआई के सचिव राजीव शुक्ला ने भी त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई।

# आप के तीन पार्षद भाजपा में शामिल, महापौर चुनाव में पार्टी के जीतने की संभावना बढ़ी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए, जिससे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आगामी महापौर चुनाव में पार्टी की जीत की संभावना बढ़ गई है। पार्षदों का स्वागत करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में सही समय पर केंद्र, विधानसभा और नगर निगम स्तर पर 'ट्रिपल इंजन' की सरकार होगी, जो इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने की राजधानी के रूप में विकसित करेगी। इन तीन पार्षदों में अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज), निखिल चपराना (हरि नगर) और धर्मवीर (आर के पुरम) शामिल हैं। सचदेवा ने कहा कि ये पार्षद दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। विधानसभा चुनावों में हाल में मिली शानदार जीत के बाद, भाजपा महापौर का पद हासिल करके दिल्ली में ''ट्रिपल इंजन सरकार'' की उम्मीद कर रही है। भाजपा ने दिल्ली विधानसभा की 70 सीट में से 48 पर जीत हासिल करके आप को सत्ता से बाहर कर दिया। महापौर का चुनाव अप्रैल में होना है। नवंबर 2024 में हुए पिछले महापौर चुनाव में आप ने तीन मतों से जीत हासिल की थी। पार्षदों के अलावा, दिल्ली के सात लोकसभा सदस्य (सभी भाजपा के), तीन राज्यसभा सदस्य (सभी आप के) और 14 मनोनीत विधायक दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप महापौर के लिए होने वाले चुनाव में मतदाता हैं। तीन पार्षदों के शामिल होने के साथ ही भाजपा के पार्षदों की संख्या अब आप के पार्षदों से अधिक हो गई है।






# उच्चतम न्यायालय उपासना स्थल अधिनियम से संबंधित याचिकाओं पर कल सुनवाई करेगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 से संबंधित याचिकाओं पर 17 फरवरी यानी सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायालय की वेबसाइट पर 17 फरवरी के लिए अपलोड की गई कार्यसूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। यह अधिनियम किसी भी उपासना स्थल के धार्मिक स्वरूप में परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाता है। कानून में किसी स्थान के धार्मिक स्वरूप को 15 अगस्त 1947 के अनुसार बनाए रखने की बात कही गई है। बहरहाल, अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मुद्दे से संबंधित विवाद को इसके दायरे से बाहर रखा गया था। न्यायालय उपासना स्थल कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के अनुरोध वाली 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर विचार करने पर दो जनवरी को सहमत हो गया था। प्रधान न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने पिछले साल 12 दिसंबर को अपने अगले आदेश तक देश की अदालतों को धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने संबंधी नए मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया था। पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर मुख्य याचिका भी शामिल थी।

# अमेरिका से निर्वासित लोगों के दूसरे जत्थे को लेकर अमृतसर पहुंचा विमान

**अमृतसर/चंडीगढ़ :** अमेरिका से 116 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई के वादे के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा निर्वासित किया जाने वाला भारतीयों का दूसरा जत्था है। उन्होंने बताया कि विमान रात 10 बजे के अपेक्षित समय के बजाय रात करीब 11:30 बजे हवाई अड्डे पर उतरा। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि निर्वासित लोगों के शरीर में बेड़ियां थीं या नहीं। पांच फरवरी को अवैध प्रवासियों के पहले जत्थे को वापस भेजे जाने के बाद, पंजाब के अधिकांश निर्वासितों ने कहा था कि वे अपने परिवारों के लिए बेहतर जीवन की खातिर अमेरिका जाना चाहते हैं। हालांकि, उनके सपने तब टूट गए जब उन्हें अमेरिकी सीमा पर पकड़ लिया गया और बेड़ियों में जकड़कर वापस भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक निर्वासित लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से आठ, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से दो-दो तथा हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल हैं।




## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 फरवरी, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्थी, 26:17 तक, नक्षत्र : हस्त, 28:26 तक, योग : धृति, 08:03 तक, सूर्योदय: 6:08, सूर्यास्त: 17:34, चन्द्रोदय : 20:48, चन्द्रास्त: 08:10, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 16:05 से 17:30

## साप्ताहिक : राशिफल 16-02-25 से 22-02-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक के कार्य में व्यवधान बना रह सकता है। इस सप्ताह जातक को सक्रिय बने रहना होगा तभी स्थितियाँ थोड़ी अनुकूल या पटरी पर आ सकती है। इस सप्ताह स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे। अधिक उम्र वाले जातकों को शुगर एवं ब्लड-प्रेसर जैसी परेशानी का भी योग बन सकता है सावधानी बनाये रखे यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो मंगलवार को लाल वस्तुओं का दान करने से राहत मिल सकती है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय अभी चुनौतिपूर्ण रहेगा। अनावश्यक तर्क-वितर्क से बचे। किसी प्रोजेक्ट या शोध कार्य में लगे जातक थोड़ा कार्यों में दबाव एवं परेशानी महसूस कर सकते है। महत्वपूर्ण विषयों पर अधिक देख-रेख के बाद ही निर्णय ले नही तो बनी बनाई कार्य-योजनायो असफल हो सकती है। जातक की निरंतर सक्रियता जातक के लिए राहत दे सकती है। जमीन-जायदाद के कार्यों में चुनौतियाँ बनी रह सकती है। छात्रों से लिए समय थोड़ा अनुकूल नही है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। अनावश्यक भाग-दौड़ एवं लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। किसी से अनावश्यक तर्क-वितर्क से बचे नही तो परेशानी का सामना जातक को करना पड़ सकता है। न्यायालय के कार्यों में संतोषजनक प्रगति न होने से जातक तनाव या परेशानी महसूस कर सकता है। महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं का समय से पूरा न होने से जातक तनाव महसूस कर सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। एक तरफ जहाँ सप्ताह के मध्य तक चुनौतियाँ बनी रह सकती है। वही दूसरी तरफ जातक अपनी सूझ-बूझ से स्थितियों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। इसलिए जातक यदि इस सप्ताह कोई नया कार्य करना चाहे तो सप्ताह के उत्तरार्ध में ही प्रांरभ करे यदि जातक बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करना चाहता है तो सप्ताह के मध्य तक पूंजी निवेश करने से बचे इसके बाद पूंजी निवेश करने से लाभपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। जहाँ एक तरफ जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य परटी पर आ सकते है और जातक का महत्व बढ़ सकता है। वही दूसरी तरफ कार्यों की अधिकता एवं चुनौतियाँ जातक को थोड़ा तनाव दे सकता है लेकिन जातक सूझ-बूझ एवं परिश्रम से हर स्थिति को पटरी पर लाने मे सफल हो सकता है। कभी पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है तो कभी पढ़ाई-लिखाई में मन कम लग सकता है। सूर्य को जल देने से स्थितियाँ अनुकूल हो सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग मिला-जुला रहेंगा। जातक अपने परिश्रम एवं संघर्ष से स्थितियों को पटरी पर लाने का प्रयास करेगा तो उसमें जातक को सफलता भी मिल सकती है। सुख-सुविधा मे भी वृद्धि हो सकती है। प्रेम-संबंधो में भी उतार-चढ़ाव के साथ गतिशीतला बनी रह सकती है। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। साहित्य, कला, संगीत के प्रति रूचि बढ़ सकती है। घूमने-फिरने का भी अवसर जातक को मिल सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। जातक अपनी क्रियाशीलता से कई महत्वपूर्ण कार्य को पटरी पर ला सकता है या किसी बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। देश-विदेश का यात्रा का योग बन सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करनें पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल बना रहेगा। जातक खूब परिश्रम कर सकता है। अपने सूझ-बूझ एवं दूर-दृष्टि से जातक कई महत्वपूर्ण कार्यों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है । पढ़ाई-लिखाई में भी मन लग सकता है। किसी परीक्षा में सफल होने का योग बन सकता है। जमीन-जायदाद के कार्यों में भी प्रगति हो सकती है। शिक्षण के क्षेत्र में लगे जातकों का भी समय अनुकूल है प्रमोशन या कोई बड़ा पुरस्कार जातक को मिल सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। जातक का उत्साह बना रह सकता है। कई महत्वपूर्ण कार्यों को पटरी पर लाने में जातक सफल हो सकता है यद्यपि कार्यों की अधिकता बनी रह सकती है लेकिन जातक अपनी क्रियाशीलता से स्थितियों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। पढ़ाई-लिखाई एवं कोचिंग से जुड़े जातकों के लिए समय अनुकूल है। अपने कार्यों का विस्तार या कोई नई संस्था जातक खोल सकता है। घर-परिवार में भी आपसी सहयोग बना रह सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा अनुकूल रहेगा। जातक सक्रिय बना रह सकता है। खेती-बाड़ी में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। जातक अपनी कर्मठता एवं सूझ-बूझ से अपने कार्यों को विस्तार दे सकता है। कोई अचल संपत्ति खरीदने का योग बन सकता है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल है। किसी महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा में कोई बड़ी विजय मिल सकती है। जिससे जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जहाँ एक तरफ शनि और बुध के कारण जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है लेकिन सूर्य के कारण विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है जो जातक को लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है। सूर्य अनावश्यक तर्क-वितर्क एवं मानसिक तनाव दे सकता है लेकिन जातक अपनी बात-चीत की कला से एवं दूर-दृष्टि से हर स्थितियों को अनुकूल बनाने एवं पटरी पर लाने में सफल हो सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। शुक्र जहाँ सुख-सुविधाओं में वृद्धि कर सकता है। प्रेम संबंधो में भी प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे के प्रति लगाव बढ़ सकता है। देश-विदेश जाने का अवसर जातक को मिल सकता है लेकिन राहु के प्रभाव के कारण कभी-कभी जातक को चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी जातक पर दबाव या तनाव बना सकते है। इस सप्ताह किसी भी तरह के जोखिम से बचे एवं वाहन आदि सावधानिपूर्वक चलाये नही चोट-चपेट लग सकती है।

# योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में किया काशी-तमिल संगमम् के तीसरे संस्करण का उद्घाटन



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वाराणसी में काशी-तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना आदि शंकराचार्य से की और कहा कि देश को जोड़ने का जो काम कभी शंकराचार्य ने किया था वही आज मोदी काशी-तमिल संगमम कार्यक्रम के जरिये कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 'काशी-तमिल संगमम-3.0' का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से वाराणसी में लगातार तीसरी बार काशी-तमिल संगमम का आयोजन हो रहा है। उन्होंने मोदी की तुलना आदि शंकराचार्य से करते हुए कहा, ''देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का कार्य जो कभी आदि शंकराचार्य ने किया था, वही कार्य आज के परिवेश में प्रधानमंत्री जी काशी-तमिल संगमम कार्यक्रम के माध्यम से कर रहे हैं। उनकी एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत तमिल भाषा में अतिथियों के स्वागत से की। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने वाराणसी में 'नमो घाट' पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल. मुरुगन की उपस्थिति में काशी-तमिल संगमम-3.0 कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने काशी-तमिल संगमम में आए मेहमानों का काशीवासियों, प्रदेशवासियों तथा प्रधानमंत्री की ओर से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने नमो घाट पर महर्षि अगस्त्य के जीवन चरित्र पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## अमृतसर को निर्वासन केंद्र न बनाएं : भगवंत मान



**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अमृतसर हवाई अड्डे पर 'अवैध भारतीय प्रवासियों' को लेकर आए अमेरिकी विमानों के उतरने को लेकर केंद्र पर हमला तेज करते हुए शनिवार को कहा कि इस पवित्र शहर को 'निर्वासन केंद्र' न बनाया जाए। अमेरिका से 119 निर्वासित भारतीयों को लेकर दूसरा विमान शनिवार रात को अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरेगा। पांच फरवरी को 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा। इनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से थे, जबकि 30 पंजाब से थे। मुख्यमंत्री ने शनिवार को अमृतसर हवाई अड्डे का दौरा किया और कहा कि उनकी सरकार ने निर्वासितों के दूसरे जत्थे में शामिल पंजाब के लोगों को उनके गृहनगर ले जाने की व्यवस्था की है। मान ने कहा कि अन्य राज्यों से आये निर्वासित लोग रविवार सुबह एक उड़ान से अमृतसर से दिल्ली पहुंचेंगे और फिर उन्हें उनके संबंधित स्थानों पर ले जाया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अमेरिका से निर्वासितों को लेकर दूसरे विमान के शनिवार रात करीब 10 बजे अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरने की उम्मीद है।

### उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कारावास की सजा

**गाजीपुर (उप्र) :** गाजीपुर जिले की एक अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए 20 साल कारावास तथा 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की विशेष अदालत के न्यायाधीश (प्रथम) राकेश कुमार सप्तम ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माने की 75 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना कोतवाली निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 अक्टूबर 2023 को सुबह चार बजे घर के पास उनकी नाबालिग बहन टहलने के लिए गई थी तभी पड़ोस में रहने वाला शिवकुमार उर्फ राहुल उसे बहला फुसलाकर कहीं ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को बरामद कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच पूरी करने के बाद पुलिस ने नौ नवंबर 2022 को आरोपपत्र दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजन की तरफ से कुल छह गवाह पेश किए गए। शुक्रवार को जिरह पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश ने शिवकुमार को दोषी ठहराते हुए उसे 20 साल कारावास की सजा सुनाई।

### बिहार: मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या, पीड़ित ने दो लोगों की हत्या की थी

**भागलपुर (बिहार) :** बिहार के भागलपुर जिले में कथित तौर पर दो लोगों की हत्या करने वाले मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति (36) की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नाथनगर थाना क्षेत्र के मकंदपुर गांव में शुक्रवार रात को यह घटना हुई थी। जिला पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''स्थानीय लोगों के अनुसार, मानसिक रूप से दिव्यांग छोटू कुमार ने गांव में राजीव राय (68), जय प्रकाश राम (65) और तीन अन्य लोगों को लकड़ी के लट्ठे से पीटना शुरू कर दिया था। राजीव राय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जयप्रकाश राम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य तीन का नजदीकी सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है।'' इसमें कहा गया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्थानीय लोग आरोपी छोटू कुमार की पिटाई कर रहे थे। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बयान में कहा गया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

## कोटा में 'रासायनिक गैस रिसाव' के बाद 15 से अधिक छात्रों को अस्पताल ले जाया गया

**कोटा :** एक सरकारी माध्यमिक विद्यालय के 15 से अधिक छात्र शनिवार सुबह पास के एक रासायनिक कारखाने से कथित तौर पर रिसाव के कारण निकलने वाले धुएं में सांस लेने के कारण बीमार पड़ गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि रासायनिक कारखाने, 'चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड' (सीएफसीएल) ने गैस रिसाव के दावों का खंडन किया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गडेपान गांव में स्कूल में प्रार्थना के समय सुबह करीब सवा दस बजे हुई। कतार में खड़े बच्चों ने कथित रासायनिक गैस रिसाव के धुएं को सांस के जरिए अंदर ले लिया। इसके बाद गैस रिसाव की पुष्टि के लिए सीएफसीएल के अधिकारियों को बुलाया गया। हालांकि, स्कूल शिक्षक सुरेन्द्र नागर ने बताया कि जब तक अधिकारी पहुंचे कुछ छात्रों ने चक्कर आने, आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी की शिकायत की। डीएसपी राजेश ढाका ने बताया कि करीब छह लड़कियों ने चक्कर आने की शिकायत की और उन्हें सीएफसीएल के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में ले जाया गया। बाद में 12 छात्रों ने भी चक्कर आने और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की और उन्हें कोटा के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर कोटा के जिलाधिकारी डॉ. रवींद्र गोस्वामी मौके पर पहुंचे और स्कूल प्रशासन से बात की। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को कथित गैस रिसाव से प्रभावित बच्चों की उचित देखभाल और उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पत्रकारों से डॉ. गोस्वामी ने कहा, हल्की जटिलताओं के कारण कम से कम छह छात्रों को इलाज के लिए कोटा के जे. के. लोन अस्पताल में रेफर किया गया है। जबकि तीन से चार छात्र चिकित्सकीय निगरानी में हैं।

## राजग बिहार में लौटेगा सत्ता में : केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी

**पटना :** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने शनिवार को विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता के दम पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में सत्ता में वापसी करेगा। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष और कौशल विकास मंत्री चौधरी ने कुछ सरकारी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए यहां आए थे। उन्होंने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के सुप्रीमो कुमार से मुलाकात की। चौधरी से राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के हाल के इस दावे के बारे में पूछा गया था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का बिहार में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव से पहले राजग का हिस्सा बने चौधरी ने जवाब दिया, '' सिर्फ दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी से प्रभावित है।'' उन्होंने कहा, '' इसी तरह बिहार में भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो विकास हुआ है, उससे सकारात्मक माहौल बना है।'' लालू प्रसाद ने कहा था, '' दिल्ली चुनाव नतीजे का आगामी बिहार चुनाव पर कोई असर नहीं होगा।'' केंद्रीय मंत्री चौधरी ने आज यहां कहा,''प्रधानमंत्री मोदी कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर देते हैं और हमें बजट में विशेष योजनाएं मिली हैं। हमारे प्रधानमंत्री के पास एक दृष्टि है।''

## पटना में मधुबनी साड़ी की प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन

**पटना :** राज्य की राजधानी पटना में शनिवार को मधुबनी साड़ी की प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन किया गया जो 23 फरवरी तक जारी रहेगा। एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। खादी मॉल में बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी सह बिक्री का उद्घाटन बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर ने किया जिसमें राज्य भर के कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट मधुबनी साड़ियों का प्रदर्शन और बिक्री होगी। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा, ''हाल में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बिहार की विश्वप्रसिद्ध मधुबनी साड़ी पहनकर बजट पेश किया था, जिसके बाद साड़ियों की मांग में इजाफा देखा गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने यह आयोजन करने का निर्णय लिया।'' उन्होंने कहा, ''यहां 500 रुपये से 50,000 रुपये तक की साड़ियों का संग्रह है। निप्पणीकर ने बताया कि इसके अलावा बिहार एम्पोरियम पटना और दिल्ली, खादी मॉल मुजफ्फरपुर एवं अन्य दुकान पर भी मधुबनी साड़ियों की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है जिसका मुख्य उद्देश्य कारीगरों को सीधा मंच प्रदान करना और बिहार की पारंपरिक मधुबनी कला को व्यापक पहचान दिलाना है। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा, ''यह पहल न केवल हमारे पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने में मदद करेगी, बल्कि कारीगरों को उनके कौशल का उचित मूल्य दिलाने में भी सहायक होगी।''

## महाकुंभ में डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने 20,000 से अधिक बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलवाया




**महाकुंभ नगर (उप्र) :** महाकुंभ मेले में स्थापित डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने 20,000 से अधिक बिछड़े लोगों को उनके प्रियजनों से मिलाने में मदद की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेला प्राधिकरण के मुताबिक, डिजिटल खोया पाया केंद्रों की मदद से महाकुंभ मेला शुरू होने के बाद से अब तक 20,144 बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया है जिसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रहीं। इसके अलावा, पुलिस ने देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दौरान (28, 29 और 30 जनवरी) को भीड़ का प्रबंधन करते हुए डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने 8,725 बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाया। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि इसी प्रकार मकर संक्रांति पर्व (13, 14 और 15 जनवरी) पर बिछड़े 598 श्रद्धालु और बसंत पंचमी (2, 3 और 4 फरवरी) पर बिछड़े 813 श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलवाया गया। इसके अलावा अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में बिछड़े 10,000 से अधिक लोगों का भी उनके परिवारों से मिलवाया गया।

## महाकुंभ में नागा संतों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** महाकुंभ के सेक्टर-20 में 'वाटर वुमेन' के नाम से प्रसिद्ध और गैर सरकारी संगठन पंचतत्व फाउंडेशन की संस्थापक शिप्रा पाठक की अगुवाई में शनिवार को नागा साधुओं ने नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। पाठक ने संवाददाताओं से कहा, पर्यावरण संरक्षण को लेकर यदि आज हम नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियां महाकुंभ के मोक्ष और पुण्य को तरस जाएंगी। करोड़ों की संख्या में लोग मोक्ष प्राप्त करने यहां आते हैं और गंगा स्नान करने के बाद घाटों पर कचरा छोड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि नदियों को स्वच्छ करने के प्रयास में नागा साधु महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि उन्होंने सनातन धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया है। कार्यक्रम के दौरान नागा साधुओं ने संकल्प लिया कि हर व्यक्ति हर वर्ष एक पौधा लगाएगा और उसका संरक्षण करेगा। इस पहल के जरिए देशभर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अमृतेश्वर महादेव पीठाधीश्वर सहदेवानंद गिरी जी ने कहा, यह दुर्भाग्य की बात है कि समाज के लोग अपनी संस्कृति और मर्यादाएं भूलते जा रहे हैं। लोग यहां पाप धोने आए, लेकिन पाप करके गए। स्वच्छता का ध्यान रखना और गंगा मां की मर्यादा को बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी थी।

## ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सपरिवार किया ताजमहल का दीदार



**आगरा (उप्र) :** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शनिवार को सपरिवार विश्व धरोहर स्थल ताजमहल का दीदार करने पहुंचे। ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस बाजपेयी ने बताया कि आगरा के दो दिवसीय दौरे पर आये ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने पहले दिल अपने परिवार के साथ ताजमहल परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान सुनक की पत्नी अक्षिता, बेटियां कृष्णा और अनुष्का तथा सास सुधा मूर्ति भी उनके साथ मौजूद थीं। बाजपेयी ने बताया कि सुनक और उनकी पत्नी ने ताजमहल की विजिटर बुक पर भी टिप्पणी लिखी। वे करीब डेढ़ घंटे तक ताजमहल परिसर में मौजूद रहे। सुनक और उनके परिवार को ताजमहल घुमाने वाले गाइड शमशुद्दीन ने बताया कि सभी ने ताजमहल के इतिहास के बारे में कई सवाल किए।

## वर्ग पहेली नं. 3006

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | | ■ | 9 | | | ■ | |
| 10 | | ■ | 11 | 12 | | ■ | 13 | 14 | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | ■ | | ■ |
| 17 | 18 | | ■ | 19 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | 24 | 25 | |
| 26 | | ■ | 27 | | | ■ | 28 | | |

➲ *बायें से दायें :-* 1) आशा; विश्वास; आस्था, 3) इज्जत; सम्मान, 6) सिरे का; छोरस्थ, 7) सहानुभूतिहीन; रत्न; एक अजैव पदार्थ, 8) अवज्ञा; अराजकता; विद्रोह, 9) रोकड़; धनराशि, 10) मूल्य; रेट, 11) दशानन, 13) तृतीय, 15) सुपाच्य; अडूब; घटिया, 17) अफ़वाहबाज़, 19) तलवार आदि हिलाकर चमकाना; लचकाना, 20) कीर्तिस्व; प्रताप; लज्जा; इज्जत, 22) धरोहर; बंधकदायित्व, 23) मालगाड़ी, 26) थन *(पशु)*; उरसिज, 27) मूल व्यय, 28) प्रेमी; फबना.

➲ *ऊपर से नीचे :-* 2) धंधा, 3) मृत्युपर्यन्त, 4) सुंदर स्त्री, 5) पपड़ीला; कचिया; सिंका; खुर्रम *(आहार)*, 6) मध्यांतर; दूरी, 8) संकटग्रस्त; पीड़ित, 12) वकील का पेशा, 14) अनदेखी करना; झेलना; भोगना, 15) मोहक; सब; अपहर्ता; प्रत्येक, 16) जनाना ढीला पाजामा, 18) ईमानदार, 20) पनीला; महीन; छरहरा, 21) गंजा; फिसलनयुक्त; मक्खनी, 22) अंत, 23) चावल, 24) गंध, 25) मक्का-मदीना की यात्रा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ख़ | बि | री | ■ | अ | ज | न | बी | ■ |
| ■ | री | ■ | स | म | र्थ | न | ■ | मा | ■ |
| स | द | मा | ■ | धु | ■ | क | स | र | त |
| ■ | दा | ने | दा | र | ■ | नं | ■ | ■ | न |
| गौ | र | ■ | ड़ि | ■ | ■ | दि | वा | लि | या |
| त | ■ | ■ | म | न | मा | नी | ■ | बा | ■ |
| म | न्न | त | ■ | दा | दा | ■ | अ | स | ली |
| ■ | ■ | बे | का | र | ■ | शू | न्य | ■ | च |
| बि | र | ला | ■ | द | स्तू | र | ■ | धा | ड़ |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2966

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 7 | 5 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | | 8 | | 4 | | |
| 2 | | | | | | | | 7 |
| | | | | | | 3 | | |
| | | | 3 | | 7 | | 9 | |
| 6 | 1 | | | | | | | |
| | | | 4 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2965 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 8 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 |



# बीरभूम बम विस्फोट मामले में तृणमूल नेता बबलू मंडल और उसके बेटों को 10 साल की सजा

**बीरभूम/कोलकाता :** बीरभूम जिले के लोकपुर थाना क्षेत्र में बम विस्फोट के कारण घर की छत उड़ जाने के मामले में दोषी पाए गए तृणमूल नेता बबलू मंडल और उनके दो बेटों को एनआईए अदालत ने 10 साल की कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, प्रत्येक को 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह घटना 5 साल 4 महीने पहले की है, और शनिवार को एनआईए अदालत के न्यायाधीश शुभेंदु साहा ने इस मामले में फैसला सुनाया। सजा पाने वाले दोषी बाबलू मंडल



और उनके दो बेटे निरंजन और मृत्युंजय मंडल हैं। विस्फोट 20 सितंबर 2019 को बीरभूम जिले के गांगपुर गांव स्थित बाबलू मंडल के घर में हुआ था। विस्फोट की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि घर की टिन की छत उड़ गई, लेकिन उस वक्त घर में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। बबलू मंडल स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। विस्फोट के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और बाबलू मंडल व उनके दोनों बेटों के खिलाफ आरोप दर्ज किए गए। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन बबलू मंडल के दोनों बेटे कुछ समय बाद जमानत पर रिहा हो गए, जबकि कुछ आरोपी अभी भी फरार थे। कोलकाता हाईकोर्ट में मामला जाने के बाद, जांच का जिम्मा एनआईए को सौंपा गया। एनआईए ने विस्फोटक पदार्थ कानून के तहत आरोप पत्र दायर किया और 54 गवाहों के बयान दर्ज किए, जिनमें से 28 गवाहों ने अदालत में गवाही दी। इसके बाद, एनआईए अदालत ने बाबलू मंडल और उनके दो बेटों को एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट की धारा 3 और 5 के तहत दोषी ठहराया और उन्हें 10 साल की सजा सुनाई।

# बायपास के पास गैरेज में लगी भीषण आग, कई गाड़ियां जलकर खाक

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईएम बायपास के पास अरुपोता इलाके में शनिवार को एक गैरेज में भीषण आग लग गई, जिसमें कई गाड़ियां जलकर राख हो गईं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस दिन, सुबह में अचानक गैरेज से काला धुआं निकलता दिखा। पास जाकर देखने पर पता चला कि वहां खड़ी गाड़ियों में आग लग चुकी थी। देखते ही देखते आग ने एक के बाद एक कई गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। चारों ओर धुएं का गुबार फैल गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग को सुबह



11.08 बजे आग की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत तीन इंजिन को मौके पर भेजे गये। दमकल कर्मियों ने गैरेज के बाहर से पाइप के जरिए पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद आग कुछ हद तक काबू में आई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस आग में करीब 10 से 12 गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, जिसकी जांच की जा रही है।

### माध्यमिक परीक्षा : तीसरे दिन तीन परीक्षार्थियों के परीक्षाएं रद्द, 68 परीक्षार्थियों ने अस्पताल से दी परीक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** माध्यमिक परीक्षा के तीसरे दिन भी परीक्षा रद्द होने का सिलसिला जारी रहा। शनिवार को तीन परीक्षार्थियों के पास मोबाइल फोन पाए गए। तीनों लोगों की परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। पता चला है कि परीक्षा के दौरान हुगली के रिसड़ा इंडिपेंडेंट हिंदी स्कूल, कोलकाता के बदरतला हाई स्कूल और पुरुलिया के नेताजी विद्यापीठ के तीन छात्रों के पास से मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपी अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र क्रमशः हुगली में रिसड़ा ब्रह्मानंद केशव चंद्र हाई स्कूल, कोलकाता में बटाला हाई स्कूल और पुरुलिया में नेताजी विद्यापीठ थे। परीक्षकों ने परीक्षा शुरू होने के एक घंटे के भीतर ही प्रत्येक परीक्षार्थी के पास से मोबाइल फोन बरामद कर लिया। इसके अलावा, बोर्ड ने बताया कि मध्यमिक परीक्षा के तीसरे दिन कुल 68 परीक्षार्थी बीमारी व अन्य कारणों से अस्पताल से परीक्षा दिए। परिणामस्वरूप, हाई स्कूल का तीसरा दिन काफी घटनापूर्ण रहा।

### गलत परीक्षा केंद्र पहुंचे सीबीएसई छात्र को कोलकाता पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर से तारातला पहुंचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई हैं। इस दौरान एक परीक्षार्थी गलत परीक्षा केंद्र पर पहुंच गया, जहां से सही परीक्षा केंद्र की दूरी काफी अधिक थी। कोलकाता पुलिस ने छात्र की मदद करते हुए त्वरित कार्रवाई की और ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण कर परीक्षार्थी को जोका से तारातला परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुंचाया। महेशतला के एक स्कूल का परीक्षा केंद्र तारातला के एक स्कूल में था, लेकिन छात्र और उसके अभिभावक गलती से हरीदेवपुर थाना क्षेत्र के जोका स्थित एक अन्य स्कूल में पहुंच गए। वहां यह समझने के बाद कि वे गलत जगह आ गए हैं, उन्हें तारातला जाने की आवश्यकता थी। इस परिस्थिति को समझते हुए, बेहाला क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त सुभाष अधिकारी ने मदद का हाथ बढ़ाया। उन्होंने तुरंत स्थिति को समझा और ठाकुरपुर थाना से एक गाड़ी मंगवाकर छात्र और उसके अभिभावक को सही परीक्षा केंद्र की ओर भेजा। इसी बीच, लालबाजार ट्रैफिक कंट्रोल रूम से संपर्क कर ग्रीन सिग्नल की व्यवस्था की गई, जिससे रास्ते में कोई बाधा नहीं आई। पुलिस की मदद से परीक्षार्थी और उसके अभिभावक जोका से तारातला परीक्षा केंद्र तक आधे घंटे पहले पहुंचने में सफल हुए। हालांकि, स्कूल ने पहले परीक्षार्थी को प्रवेश देने में कुछ आपत्ति जताई, लेकिन पुलिस ने अधिकारियों को समझाया और इस मुद्दे पर मेल भेजा।

## सरकारी अस्पताल ने पांच दिन में पित्ताशय की थैलियों की 175 सर्जरी करके रिकॉर्ड बनाया : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित कोलकाता स्थित एसएसकेएम अस्पताल ने पांच दिन में पित्ताशय की थैलियों के 175 सफल ऑपरेशन करके एक रिकॉर्ड बनाया है। ममता बनर्जी ने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए अस्पताल और उसके चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि पित्ताशय की थैली से संबंधित प्रतीक्षारत मामलों को निपटाने के लिए मिशन मोड में सर्जरी की गई हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कोलकाता में हमारे अपने शीर्ष स्तर के सरकारी संस्थान, एसएसकेएम अस्पताल ने पिछले



पांच दिन में पित्ताशय की थैली के 175 ऑपरेशन करके एक रिकॉर्ड बनाया है! यह पित्ताशय की थैली के प्रतीक्षारत मामलों को निपटाने के लिए मिशन मोड में किया गया एक प्रयास है। इससे यह भी पता चलता है कि अगर हमारे चिकित्सक समर्पण के साथ एकजुट होकर काम करें तो क्या कर सकते हैं! ममता ने कहा कि इस दौरान अस्पताल में सामान्य ऑपरेशन भी किए गए।

### सेवानिवृत आईएएस एआर बर्धन बने बंगाल के सतर्कता आयुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एआर बर्धन को शनिवार को राज्य के सतर्कता आयुक्त के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत, गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। शपथ दिलाने के बाद राज्यपाल ने बर्धन को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। बता दें कि अजीत रंजन बर्धन बंगाल कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी रहे हैं। बंगाल के विभिन्न विभागों में वे सचिव व अन्य महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद अब राज्य के सतर्कता आयुक्त के रूप में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है।

# प्रसिद्ध बांग्ला गायक-गीतकार प्रतुल मुखोपाध्याय का निधन

❑ **अंतिम दर्शन को पहुंची मुख्यमंत्री ममता, राज्यपाल ने किया शोक व्यक्त**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के प्रख्यात बांग्ला गायक और गीतकार प्रतुल मुखोपाध्याय का शनिवार की सुबह 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दिन, मुख्यमंत्री गायक और गीतकार प्रतुल मुखोपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रवीन्द्र सदन गईं और उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए काफी भावुक हो गईं। इस दौरान, मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि अगर मेरे किसी अत्यंत प्रिय लोगों की मृत्यु होती है तो वह आमतौर पर शोक स्थल पर नहीं जाती हैं कारण उन्हें अपनों को निर्जीव के तौर पर देखने पर काफी तकलीफ होती है। ममता ने कहा कि लेकिन वह आज ऐसा नहीं कर सकी कारण



प्रतुल मुखोपाध्याय के मामले में वह अपने को रोक नहीं। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतुल मुख-ोपाध्याय अग्नाशय संबंधी बीमारियों और वृद्धावस्था जनित समस्याओं से जूझ रहे थे। एसएसकेएम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, लेकिन सर्जरी के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। प्रतुल मुखोपाध्याय को आमी बांग्ला गान गाई और डिंगा भाषाओ सागोर जैसे प्रसिद्ध गीतों के लिए जाना जाता है। उनके गाने सामाजिक मुद्दों से जुड़े होते थे और बिना किसी वाद्ययंत्र के गाने की उनकी शैली ने उन्हें एक अलग पहचान दी थी। उनकी आवाज और विचारधारा ने बंगाली संगीत और संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कुछ दिन पहले ही एसएसकेएम अस्पताल जाकर मुखोपाध्याय से मुलाकात की थी। उन्होंने दिवंगत गायक के परिवार और उनके असंख्य प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने भी प्रतुल मुखोपाध्याय को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम महान बांग्ला गायक-गीतकार प्रतुल मुखोपाध्याय के निधन से दुखी हैं, जो 'आमी बांग्ला गान गाई' और 'डिंगा भाषाओ सागोर' जैसे अमर गीतों के लिए जाने जाते हैं। उनका योगदान संगीत जगत में सदैव जीवित रहेगा। उनकी आत्मा को शांति मिले। प्रतुल मुखोपाध्याय के निधन से बांग्ला संगीत जगत की एक महान पीढ़ी का अंत हो गया लेकिन उनके गीत और उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेंगी।

### गुलाब लेकर घर लौटते समय बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैलेंटाइन डे पर गुलाब लेकर घर लौटते समय सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर सतीन सेन नगर के पास हुआ। मृतक की पहचान सायंतन दास (21) के रूप में की गई है। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की रात सायंतन दास बाइक से गुलाब लेकर बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर सतीन सेन नगर से गुजर रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सायंतन ने हेलमेट भी नहीं पहना था। रात करीब 11 बजे उक्त सड़क पर दो ट्रकों की रेस में फंसकर सायंतन बीच सड़क पर गिर गया। वह अपनी चलती बाइक पर दो ट्रकों के बीच आ गया और वह बाहर नहीं निकल सका। ट्रकों ने उसे कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में बेलघरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जीवनतला में एसटीएफ ने भारी मात्रा में किया अवैध हथियार व कारतूस बरामद, चार गिरफ्तार

❑ **रैकेट में कोलकाता का एक नामी हथियार-कारतूस की दुकान का एक कर्मी भी शामिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसटीएफ को फिर एक बार हथियारों के मामले में बड़ी सफलता मिली है। राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने दक्षिण 24 परगना के जीवनतला और उत्तर 24 परगना के मिनाखां थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध हथियारों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें कोलकाता की एक नामी हथियार-कारतूस की दुकान का एक कर्मचारी भी शामिल है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में एसटीएफ को 190 जिंदा कारतूस, एक डबल बैरल गन और 12 बोर के नौ कारतूस मिले हैं। यह खुलासा हुआ है कि राज्य में विभिन्न शूटरों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे अवैध पिस्तौल और




कारतूस लाइसेंसी दुकानों से निकले फैक्ट्री निर्मित कारतूसों से जुड़ रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों में हसनाबाद निवासी आशिक इकबाल गाजी उर्फ बप्पा गाजी (40), जीवनतला निवासी रशीद मोल्ला (71), हसनाबाद निवासी अब्दुल सलीम गाजी उर्फ बबलू (45) तथा शांतिपुर निवासी जयंत दत्ता (49) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों से 190 जिंदा कारतूस (7.65 एमएम कैलिबर के), एक डबल बैरल गन (12 बोर की, इंडियन ऑर्डिनेंस फैक्ट्री निर्मित) और नौ जिंदा कारतूस (12 बोर के) बरामद किए गए हैं। इस संबंध में जीवनातला थाने में मामला दर्ज किया गया है, और चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की गई है। एसटीएफ अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर कोलकाता के लाइसेंसी दुकानों से निकले फैक्ट्री निर्मित कारतूस अपराधियों तक कैसे पहुंच रहे हैं।

## शांतिपुर अस्पताल में मरीज के पिता से उल्टी साफ करवाने पर चिकित्सक को शोकॉज नोटिस

❑ **72 घंटों के अंदर जवाब देने का निर्देश, तीन सदस्यीय जांच समिति गठित**

**कोलकाता, समाज्ञा**

शांतिपुर अस्पताल में एक मरीज के पिता से उल्टी साफ करवाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कड़ा कदम उठाया है। इस बार आरोपी चिकित्सक तनमय सरकार को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। उन्हें 72 घंटे के अंदर तीन सदस्यीय समिति के सामने जवाब देने का आदेश दिया गया है।

गौरतलब है कि पिछले शुक्रवार को शांतिपुर के हरिपुर मेला क्षेत्र निवासी समीर शील की पांच साल की बेटी को बुखार और उल्टी की समस्या हो रही थी। समीर शील ने अपनी बेटी को शांतिपुर स्टेट जनरल अस्प-ताल में इलाज के लिए ले जाया था, जहां उस समय आपातकालीन विभाग में चिकित्सक तनमय सरकार कार्यरत थे। बच्ची की शारीरिक जांच करते समय उसने आपातकालीन विभाग के दरवाजे के पास उल्टी कर दी। आरोप है कि चिकित्सक ने बच्ची के पिता से उस उल्टी को साफ करने को कहा। इस घटना को लेकर तीव्र चर्चा शुरू हो गई है। पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने शांतिपुर स्टेट जनरल अस्पताल के सुपरिटेंडेंट और सीएमओएच से रिपोर्ट मांगी थी और तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। अब स्वास्थ्य विभाग ने आरोपी चिकित्सक को शोकॉज नोटिस जारी किया है।

## चार साल में की चार शादियां, बिधाननगर पुलिस ने शातिर बांग्लादेशी महिला को किया गिरफ्तार

❑ **घरेलू हिंसा का आरोप लगा बांग्लादेशी महिला करती थी ब्लैकमेल**

❑ **मेडिकल वीजा पर भारत आकर युवकों से करती थी शादी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधाननगर कमिश्नरेट की पुलिस ने 32 वर्षीय एक शातिर बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है जो मेडिकल वीजा पर भारत आकर भारतीय युवकों से शादी करती थी और बाद में उन पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाकर उन्हें ब्लैकमेल करती थी। अधिकारियों ने बताया कि साहना सादीक नामक इस महिला ने पिछले चार साल में छह बार सीमा पार करके भारत आई और फर्जी पहचान के आधार पर चार शादियां की। खास बात ये है



कि इन शादियों में से किसी भी शादी का आधिकारिक रिकॉर्ड में रजिस्ट्रेशन नहीं था। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, महिला ने राजारहाट और न्यूटाउन इलाकों में रहने वाले अपने सभी कथित पतियों के खिलाफ घरेलू हिंसा के मामले दर्ज किए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शादी का सबसे हालिया मामला अक्टूबर 2024 का है जब महिला ने पुलिस में शिकायत की कि उसके पति ने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें लीं और उन्हें सार्वजनिक करने की धमकी दी।

इसके बाद, पुलिस ने महिला का पिछला रिकॉर्ड खंगाला जिससे ये पता चला कि वह पहले भी इसी तरह के आरोपों के साथ कई बार पुलिस के पास जा चुकी थी। बिधाननगर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब महिला शिकायत करने आई तो वह कुछ जानी-पहचानी सी लगी। हमने उसकी बैकग्राउंड की जांच की और पाया कि वह पहले भी इसी तरह की शिकायतें दर्ज करवा चुकी हैं। जब हमने उससे पूछताछ की तो ये सामने आया कि वह एक शातिर ठग है।

पुलिस ने महिला के खिलाफ गहन जांच शुरू कर दी है।

# बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा से 2.96 करोड़ मूल्य के सोने के साथ तस्कर को पकड़ा

❑ **3.4 किलो वजन के 25 सोने के बिस्कुटों की बड़ी खेप जब्त**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर अंतर्गत 143वीं वाहिनी के जवानों ने उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर शुक्रवार को तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर 25 सोने के बिस्कुटों की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बीएसएफ की तरफ से शनिवार को एक बयान में बताया गया कि एक पुख्ता सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में सीमा चौकी बिठारी के जवानों ने उसे उस वक्त पकड़ा जब वह सोने की यह खेप बांग्लादेश से



भारत में तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। जब्त सोने का वजन 3.4 किलो है, जिसकी अनुमानित कीमत 2.96 करोड़ रुपये है। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, सीमा चौकी बिठारी के जवानों ने सोने की तस्करी की पुख्ता सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध इलाके में घात लगाया। शाम के समय बिठारी कैंप के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार के पहुंचने पर जवानों ने उसे रोक लिया। पूछताछ व गहन तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल के तेल के टैंक के नीचे छिपाए गए 25 सोने के बिस्कुट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि वह उत्तर 24 परगना जिले के ही सीमावर्ती पदमविला गांव का निवासी है और पिछले दो महीने से एक बांग्लादेशी तस्कर के संपर्क में था। उसे निर्देश मिले थे कि सोने की खेप को बिठारी बाजार के पास किसी निर्दिष्ट स्थान पर सड़क किनारे छोड़ना है, जिसके बदले उसे मात्र 1500 रुपये मिलता। गिरफ्तार तस्कर को जब्त सोने के साथ आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है।

**NAME CHANGE**

I, Narendra Saraogi, son of Bajrang Lal Saraogi, residing at Shantiniketan Apartment, Block-D, 4th Floor, Flat No.403, 20, Round Tank Lane, Howrah-711101, have changed my name and shall henceforth be known as Narendra Kumar Saraogi as declared before the First Class Ld Judicial Magistrate Kolkata court, West Bengal vide affidavit number 1912 dated 14th February 2025 Narendra Kumar Saraogi and Narendra Saraogi both are same and indentical person.

**कोलकाता-अमृतसर-कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस की पुनर्बहाली**

यात्रियों के सुविधार्थ, 12357 **कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025)** और 12358 **अमृतसर-कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 24.02.2025)** जो पहले रद्द कर दी गई थीं, अब उन्हें पुनर्बहाल कर दिया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कोलकाता की सड़कों पर 12 नई बसें, कौन से रूट पर चलेंगी?

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा शहर की परिवहन व्यवस्था को लेकर असंतोष व्यक्त किए जाने के बाद राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। राज्य परिवहन विभाग ने शहर में बसों की संख्या बढ़ाने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। इस बीच यात्रियों के लिए एक नई खुशखबरी आई है, जिसमें नया बस रूट 'केबी 24' शुरू किया गया है, जो भांगड़ के हातिशाला इंफोसिस से कोलकाता स्टेशन तक चलेगा। शनिवार दोपहर को राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशिष चक्रवर्ती और कैनिंग पूर्व के विधायक सेकत मोल्ला ने इस नई बस सेवा का उद्घाटन किया। पहले चरण में 12 बसों से सेवा शुरू की गई है, लेकिन परिवहन मंत्री ने यह भी बताया कि जल्दी ही बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। नया केबी 24 रूट हातिशाला से कोलकाता स्टेशन तक जाएगा और इस रूट पर कई प्रमुख स्थानों को कवर करेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए बसें कारिगरी भवन, विश्व बांग्ला गेट, न्यूटाउन बस स्टैंड, सेक्टर 5, करुणामयी, विकास भवन, सिटी सेंटर 1, विधाननगर स्टेशन, श्यामबाजार जैसे प्रमुख स्थानों पर रुकेंगी। परिवहन मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल 12 नई बसों की शुरुआत की गई है, लेकिन भविष्य में और सरकारी बसें इस रूट पर जुड़ेंगी और सेवा का विस्तार किया जाएगा।

## जादवपुर में एटीएम धोखाधड़ी, दो ग्राहकों को लगा लाखों रुपये का चूना

❑ **पीड़ितों ने सर्वे पार्क थाने में दर्ज कराई शिकायत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में एक बार फिर एटीएम जालसाजी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दक्षिण कोलकाता के सर्वे पार्क थाना क्षेत्र में स्थित किशोर भारती स्टेडियम के पास एक सरकारी बैंक के एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे दो ग्राहकों के खाते से लाखों रुपये गायब हो गए। दोनों ने ठगी का शिकार होने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कोलकाता पुलिस ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया है कि शुक्रवार की रात जब दोनों ग्राहक एटीएम पहुंचे और कार्ड इस्तेमाल कर पैसे निकालने की कोशिश की, तो मशीन से कोई भी रकम बाहर नहीं आई। असमंजस में पड़े ग्राहकों ने एटीएम के अंदर लिखे हुए 'टोल-फ्री नंबर'




पर कॉल किया। फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने उन्हें कुछ निर्देश दिए और मोबाइल पर कुछ ऑप्शन चुनने को कहा। ग्राहकों ने वैसा ही किया, लेकिन कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर बैंक से पैसे निकासी के मैसेज आने लगे। जब तक वे कुछ समझ पाते, उनके खाते से बड़ी रकम गायब हो चुकी थी। घटना के बाद दोनों ग्राहकों ने सर्वे पार्क थाने में शिकायत दर्ज कराई। एक पीड़ित ने बताया कि उनके खाते से 25 हजार रुपये निकाले गए, जबकि दूसरे ग्राहक के खाते से कई बार लेनदेन कर लगभग एक लाख रुपये उड़ा लिए गए। शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह एक संगठित एटीएम फ्रॉड हो सकता है, जिसमें साइबर अपराधियों ने 'फिशिंग कॉल' के जरिए ग्राहकों को जाल में फंसाया। पुलिस अब एटीएम के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संबंधित बैंक से लेनदेन का विवरण मंगवाया जा रहा है।



# बांकुड़ा में युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दोस्तों ने ही किया दुष्कर्म

**❑ आसनसोल महिला थाने में चार दोस्तों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत दर्ज**

**आसनसोल :** आसनसोल के हीरापुर थाना अंतर्गत नर्सिंग बांध इलाके की निवासी एक कॉलेज छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कॉलेज छात्रा अपने मामा के तीन बेटियों के साथ गत 13 फरवरी को बांकुड़ा जिले के बिहारी नाथ टेम्पल घूमने के बहाने गई थी, जहां छात्रा का प्रेमी भी अपने तीन दोस्तों के साथ पहले से ही पहुंचा हुआ था। आरोप है कि छात्रा अपनी बहनों के साथ बिहारी नाथ टेम्पल घूमने के बहाने किस डे मनाने गई थी, जहां उन्होंने एक लॉज भी पहले से बुककर कर रखा था।

बाद में, छात्रा के परिजनों ने 13 फरवरी को देर रात ही आसनसोल के महिला थाना मे छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म होने की शिकायत की। शिकायत में इस्माईल प्रेम नगर के रहने वाले रोहित राय, चंदन यादव, अभिषेक बर्णवाल और आकाश बिन्द को आरोपी बनाया गया है। थाने में शिकायत के बाद पीड़ित परिवार पीड़ित छात्रा को बेहतर इलाज के लिये दुर्गापुर ईएसआई अस्पताल लेकर चले गए, जहां छात्रा की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। ऐसे में सही समय पर आरोपीयों के ऊपर कार्रवाई नही होने के कारण आरोपी फरार होने मे कामयाब हो गए। वहीं, पुलिस ने 14 फरवरी वेलेंटाइन डे के दिन मामले को संज्ञान मे लिया और महिला थाने मे मामला दर्ज कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। 48 घंटे बीत जाने के बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई।

### आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन



वहीं, दूसरी ओर, आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़िता से मिलने की मांग पर शनिवार को भाजपा के दो विधायक अस्पताल से लेकर सड़क तक प्रदर्शन करने उतर गए। एक तरफ जहां दुर्गापुर के ईएसआई अस्पताल मे पीड़िता से मिलने भाजपा विधायक लखन घरुई पहुंच गए और जब उनको पीड़िता से अस्पताल मे मिलने नहीं दिया गया तो वह अस्पताल के बाहर प्रदर्शन करने लगे। वही, भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल आसनसोल भगत सिंह मोड़ स्थित पुलिस लाइन के सामने प्रदर्शन करने लगी और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। इससे पुलिस और भाजपा विधायकों के बीच कहासुनी भी हुई। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि बंगाल मे हर रोज दुष्कर्म की घटना हो रही है। जब थाना मे घटना की जानकारी लेने के लिए पुलिस अधिकारियों से पूछा जा रहा है तो पुलिस अधिकारी विधायक से झूठ बोल रहे है। उन्होंने कहा कि पुलिस बालू का पैसा, कोयला का पैसा, गाय का पैसा वसूलने मे लगी है। उनको आसनसोल मे घटी इतनी बड़ी घटना की जानकारी नहीं है, तो अखिरकार इनको क्या जानकारी है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला थाना ने मामला दर्ज किया है पर गिरफ्तारी एक भी नहीं हुई है, ऐसे मे पुलिस यह बताए कि वह आरोपियों को कब तक गिरफ्तार करेगी, तभी वह सड़क खाली करेंगे अन्यथा उनका यह आंदोलन जारी रहेगा।



सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू

### एलजी इंडिया ने भारतभर में रक्तदान अभियान का किया विस्तार, युवाओं को प्रेरित करने की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपनी मेगा रक्तदान अभियान के तीसरे संस्करण की घोषणा की, जिसका उद्देश्य जीवन अच्छा होता है जब जीवन साझा किया जाता है के संदेश को फैलाना है। इस अभियान के तहत 70 शहरों में 400 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। वर्ष 2019 और 2023 में, एलजी ने 188 शिविरों के माध्यम से 17,700 से अधिक रक्तदाताओं को पंजीकृत किया था। 2025 के अभियान का लक्ष्य 30 हजार पंजीकरण प्राप्त करना है। एलजी के एमडी होंग जू जियोन ने कहा, हमारे सीएसआर कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में बदलाव लाना है। यह अभियान हमारे विश्वास को मजबूत करता है कि जीवन साझा करने से ही जीवन अच्छा बनता है। इस पहल में विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर डन्न भारत में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है।

## सुंदरवन में हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के सुंदरवन कोस्टल थाने ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम अबू सिद्दीकी मोल्ला है। वह राधानगर-तारानगर पंचायत के तारानगर गांव का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अपराधी हेतलबाड़ी खेयाघाट से सटे इलाके में संदिग्ध रूप से घूम रहा था। उसी समय पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। तलाशी में उसके पास से एक बन्दूक और एक राउंड कारतूस बरामद किया गया। इसके बाद, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## विश्व भारती में इस बार भी दोल के दिन नहीं होगा वसंतोत्सव, बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक

**बीरभूम :** विश्व भारती विश्वविद्यालय में इस बार भी दोल पूर्णिमा के दिन वसंतोत्सव का आयोजन नहीं होगा। इसके बजाय यह उत्सव 11 मार्च को मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में केवल विश्व भारती विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक ही हिस्सा ले सकेंगे, जबकि बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह फैसला लिया है। बता दें कि हर साल दोल उत्सव के मौके पर शांतिनिकेतन में भारी संख्या में पर्यटक जुटते हैं। इसी वजह से विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार भी दोल के दिन की बजाय पहले ही वसंतोत्सव मनाने का फैसला लिया है, ताकि शांतिनिकेतन की परंपरा



और विश्व भारती की गरिमा को भीड़ से कोई नुकसान न पहुंचे। कुलपति विनय कुमार सोरेन, विभिन्न विभागों के प्रमुख, सुरक्षा अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया है। गौरतलब है कि 2019 में आखिरी बार शांतिनिकेतन के आश्रम मैदान में सार्वजनिक रूप से वसंतोत्सव मनाया गया था, लेकिन 2020 में कोरोना महामारी के कारण इस उत्सव को रोक दिया गया। 2021 से तत्कालीन कुलपति विद्युत चक्रवर्ती ने वसंतोत्सव में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दोल पूर्णिमा के दिन इस उत्सव को आयोजित न करने का निर्णय लिया। विश्व भारती के कार्यवाहक जनसंपर्क अधिकारी अतीग घोष ने शनिवार को बताया कि अब शांतिनिकेतन को यूनेस्को द्वारा 'वर्ल्ड हेरिटेज साइट' का दर्जा मिल चुका है। इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के लिए बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित किया गया है। 11 मार्च को वसंतोत्सव का आयोजन केवल विश्वविद्यालय के भीतर ही सीमित रहेगा।

## मेट्रो कर्मचारियों ने महिला यात्री को लौटाया खोया ट्रॉली बैग

**कोलकाता :** कवी सुभाष मेट्रो स्टेशन पर तैनात ड्यूटी पर मौजूद आरपीएफ कर्मचारी ने मेट्रो रेक की नियमित जांच के दौरान एक लावारिस ट्रॉली बैग बरामद किया। सुरक्षा जांच के बाद, उस बैग को स्टेशन मास्टर कार्यालय में जमा कर दिया गया। बैग खोलने पर उसमें कुछ कीमती सामान पाए गए।

इसके बाद, स्टेशन मास्टर ने बार-बार घोषणाएँ कीं और यात्रियों से अनुरोध किया कि बैग के असली मालिक को इसे लेने के लिए स्टेशन मास्टर कार्यालय में आना चाहिए। साथ ही, सभी स्टेशनों को भी इस संबंध में एक कंट्रोल संदेश भेजा गया।

कुछ समय बाद, एक महिला स्टेशन मास्टर कार्यालय पहुँची



और बैग को अपना होने का दावा किया। आवश्यक सत्यापन और सभी आधिकारिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, बैग और उसके अंदर मौजूद सभी सामान उन्हें लौटा दिए गए।

महिला यात्री ने अपना खोया हुआ बैग वापस पाने पर मेट्रो रेलवे अधिकारियों का दिल से आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी के साथ बड़ाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी की साधारण सभा हुई

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी अम्बा प्रसाद के साथ विधान भवन स्थित प्रदेश कार्यालय में बड़ाबाजार जिला कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक मजबूती, जनसमस्याओं और आगामी रणनीतियों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। अम्बा प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को सशक्त बना सकता है। कांग्रेस जन-जन की पार्टी है, और हम हर स्तर पर जनहित के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में महाराष्ट्र कांग्रेस की नीति अपनाने की बात कही। सभी ने कहा संतोष पाठक जी



को कोलकाता शहर का अध्यक्ष बनाना चाहिए। और आगामी 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल और माकपा से गठबंधन न करने की बात कही गई। इस मौके पर लक्ष्मीकांत पांडे, रविन्द्र तिवारी, नागेश सिंह, सुभाष सिंह, शिवराज बाल्मीकि, शंकर धर, परवेज खान, पंकज सोनकर, संजय पाठक, सुनील चौबे, संजय पाठक, मो. सरफराज, बाबू भाई, दयाशंकर मिश्रा, अंजनी दुबे, मो. हुसैन, आकिब अहोई, प्रकाश सोनकर, गजेंद्र चौबे, संजीव शर्मा, अनुज कोचर, खालिद रेजा, जुनैद, राशिद मल्लान व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मिड डे मील में मार्च तक सप्ताह में दो दिन बच्चों को दिया जाएगा अंडा, राज्य सरकार का निर्णय

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिड डे मील योजना के तहत, इस वर्ष मार्च तक सप्ताह में दो और दिन बच्चों को पूरा अंडा दिया जाएगा। यह निर्णय राज्य सरकार ने लिय है। यह अतिरिक्त अंडा बच्चों के पोषण के रूप में दिया जाएगा। राज्य सरकार के इस फैसले से 85 लाख 93 हजार 783 छात्र लाभान्वित होंगे। सप्ताह में दो दिन अतिरिक्त पूरा अंडा बच्चों को देने पर राज्य सरकार का खर्च 75 करोड़ 62.53 लाख रुपये आएगा। मिड डे मील योजना के लिए आवंटित धन का एक हिस्सा खर्च नहीं हुआ था, जिसके बाद राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि वर्ष के अंत में बच्चों को



साप्ताहिक दो अतिरिक्त दिनों में पूरा अंडा दिया जाएगा। इसके लिए विभिन्न जिलों के जिला अधिकारियों और मिड डे मील कार्यक्रम के जिम्मेदार अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है।

## कांचरापाड़ा रेलवे अस्पताल में उन्नत गाइनकोलॉजिकल सर्जरी की नई शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांचरापाड़ा रेलवे अस्पताल ने आधुनिक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी पहली कुल लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी और बाइलैटरल सैलपिंगो-ओओफोरेक्टॉमी सफलतापूर्वक की है। इस सर्जरी ने गंभीर गाइनकोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत की एक नई राह खोली है। यह उपलब्धि रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए अत्याधुनिक और कम आक्रमक सर्जिकल देखभाल प्रदान करने में एक नया मील का पत्थर साबित हुई है। सर्जरी 48 वर्षीय एक मरीज पर की गई, जिन्हें डिसफंक्शनल यूटेरिन ब्लीडिंग का निदान हुआ था, जो अत्यधिक और अनियमित मासिक धर्म रक्तस्राव की समस्या है, जिससे मरीज का दैनिक जीवन प्रभावित होता है। मरीज को लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ने एक सुरक्षित, तेज और अधिक प्रभावी समाधान प्रदान किया है। इस सर्जरी में 10 मिमी के एक पोर्ट और तीन 5 मिमी के पोर्ट का उपयोग करते हुए गर्भाशय, दोनों अंडाशय और फैलोपियन ट्यूब को



सटीकता से हटाया गया। मरीज को तीसरे दिन डिस्चार्ज किया गया, जो अस्पताल की उच्च गुणवत्ता वाली पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल को प्रमाणित करता है।

### एचसीएल टेक ने अपने अर्ली करियर प्रोग्राम टेकबी के लिए आमंत्रित किए आवेदन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एचसीएल टेक ने अपने टेकबी कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा की है। इस खास प्रोग्राम की मदद से छात्रों को कक्षा 12 के बाद अपना करियर शुरू करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। इस प्रोग्राम में पूरे भारत के छात्र शामिल हो सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को एच-सीएल टेक के साथ 12 महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, उन्हें कंपनी में फुल-टाइम नौकरी की पेशकश की जाती है। इसी के साथ ही वे बीआईटीएस पिलानी, आईआईआईटी कोट्टायम, सास्त्रा यूनिवर्सिटी और एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से पार्ट टाइम उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। सुब्बारामन बालासुब्रमण्यन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, एचसीएल टेक ने कहा, 2017 से, टेकबी प्रोग्राम ने हजारों छात्रों को प्रशिक्षित किया है। इस प्रोग्राम ने उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए नौकरी से जुड़ी स्किल को बेहतर बनाने और दिग्गज वैश्विक ब्रांडों के प्रोजेक्ट पर काम करने के अवसर प्रदान किए हैं।

## पूर्व रेलवे के स्टोर्स विभाग ने वार्षिक खेल दिवस का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के स्टोर्स विभाग ने 14 फरवरी 2025 को पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्राउंड में सफलतापूर्वक वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक संदीप शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्य शिखा शुक्ला भी उप-स्थित रहीं। इस दिन में मुख्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी खेलकूद की क्षमता और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन स्टोर्स विभाग के कर्मचारियों को अपनी खेलकूद की प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच प्रदान करता है, साथ ही यह फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का भी एक प्रयास था।

## लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता में उमड़ा भक्तों का उत्साह

**कोलकाता, समाज्ञा :** उड़ान संस्था द्वारा आयोजित लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता में करीब 1100 से भी अधिक लड्डू गोपाल कोलकाता और उपनगरी क्षेत्र की महिलाओं द्वारा विभिन्न रूपों में सजाकर लाए गए। इन लड्डू गोपालों को राधा, शंकर, सेठ, शीश के दानी श्याम आदि रूपों में सजाया गया था, जिन्हें डिविनिटी पैविलियन में प्रदर्शित किया गया। तीन महीने से लेकर चार साल तक के बच्चों ने राधा और श्याम के रूप में सजकर आए, जिनकी रूप-रंग देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उद्घाटन समाजसेवी सज्जन सराफ ने ज्योत प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री सुजीत बोस ने इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम और उड़ान संस्था के सामाजिक कार्यों के बारे में सभी को अवगत करवाया। उन्होंने डांडिया और अन्य आयोजनों का भी उल्लेख किया। उड़ान की चेयरपर्सन किरण अग्रवाल की मेहनत और टीम के कार्य कौशल की सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सविता



वर्मा ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान अनीता खेमका को मिला। अन्य प्रतियोगियों को भी सम्मानित और पुरस्कृत किया गया, जिसका निर्णय समाजसेवी अनुराधा और मुकेश खैतान द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्रिज मोहन बेरीवाल, गोपाल ऊषा नरेडी, रमेश नांगलिया, सरिता निर्मल सराफ, विश्वनाथ भुवालका, चंदा ललित प्रहलादका, सुशील चौधरी, संजय कंसल, प्रमोद अग्रवाल (लहंगा स्टूडियो), रामफूल मित्तल, डी. सी. भंडारी, दीपक शंघाई (अग्रवाल), गोभक्त सुरेंद्र पटवारी, विश्वंभर सराफ, रतनगढ़ नागरिक परिषद और नेचुरल सिटी सेवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम समाज सेविका बिमला तोड़ी की अध्यक्षता में किया गया। जिसे सफल बनानें में सचिव मनीषा जैन, पीआरओ प्रभा अग्रवाल, संगीता राठी, भावना अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, मधु रस्तोगी, अशोक माधोगडिया, नीतू अग्रवाल, साखी सरावगी, बीना केडिया, नीशा केजरीवाल, काजल अग्रवाल बाहेती आदि सक्रिय रहे। अतिथियों का परिचय और धन्यवाद संजोयक लक्ष्मण अग्रवाल ने किया।

### कुंभ से लौटते समय गलसी में तीर्थयात्रियों की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, चालक समेत पांच घायल



**पूर्व बर्दवान :** कुंभ में पवित्र स्नान के बाद लौटते समय तीर्थयात्रियों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में चालक समेत 5 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना शनिवार को गलसी के सांको इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 की सर्विस लेन पर हुई। सभी घायल उत्तर 24 परगना जिले के निवासी हैं। बताया गया है कि पवित्र स्नान के बाद 26 तीर्थयात्रियों का एक समूह ट्रैवलर कार से अयोध्या होते हुए कुंभ से घर लौट रहा था। इस दिन, गलसी के सांको इलाके में वाहन ने नियंत्रण खो दिया और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 की सर्विस लेन में सड़क के किनारे खड़े ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इस घटना में चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना की खबर मिलते ही गलसी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए पुरषा ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। बाद में, हालत बिगड़ने पर ड्राइवर समेत तीन लोगों को बर्दवान मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अन्य तीर्थयात्रियों को दूसरे वाहन से उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था की।

## ममता सरकार महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोकने में विफल : अमित मालवीय

**आसनसोल :** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित मालवीय ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने संदेशखली और आरजीकर मेडिकल कॉलेज में हुई घटनाओं का उदाहरण देते हुए राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। अमित मालवीय ने आसनसोल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण का दावा तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की योजना 'लक्ष्मी भंडार' की खूब चर्चा करती हैं, लेकिन जब संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार सामने आए, तो उन्होंने अपराधियों को बचाने का काम किया। शाहजहां



शेख जैसे आरोपितों को तृणमूल का संरक्षण मिला। मालवीय ने आरजीकर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध से पूरा देश हिल गया, लेकिन मुख्यमंत्री अपराधियों को बचाने में लगी रहीं। उन्होंने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद वे अपराधियों का बचाव कर रही हैं। इससे साफ साबित होता है कि उनका महिलाओं के सशक्तिकरण का दावा सिर्फ दिखावा है। भाजपा नेता ने तृणमूल नेताओं की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में सत्ताधारी दल के नेता और कार्यकर्ता माफिया गिरोह चला रहे हैं, जिससे आम जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि राज्य की परियोजनाओं में सांसदों और विधायकों पर 'कट मनी' लेने के आरोप लग रहे हैं। टीएमसी और 'कट मनी' संस्कृति एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। लोग 2026 में इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंककर भाजपा को सत्ता में लाएंगे। मालवीय ने दावा किया कि भाजपा राज्य में सुशासन लेकर आएगी, भ्रष्टाचार को खत्म करेगी और महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाएगी।

**❑ भाजपा नेता का दावा, बंगाल में लगभग चार हजार उद्योग बंद**

भाजपा नेता ने ममता सरकार की औद्योगिक नीतियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग चार हजार उद्योग बंद हो चुके हैं। इसके चलते 1.5 लाख प्रवासी मजदूर रोजगार के लिए अन्य राज्यों में जाने को मजबूर हुए हैं। यह वह 'सोनार बांग्ला' नहीं है जिसका सपना हमने देखा था। राज्य सरकार के पास औद्योगिक विकास के लिए कोई ठोस योजना नहीं है, जबकि केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड का भी सही उपयोग नहीं किया गया।

**❑ भाजपा नेता ने ममता पर विपक्ष की आवाज दबाने का लगाया आरोप**

अमित मालवीय ने शुक्रवार को हाईकोर्ट द्वारा पूर्व बर्दवान जिले में 16 फरवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की रैली आयोजित करने की अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा, आरएसएस और अन्य संगठनों के कार्यक्रमों में बाधा डाली जाती है, जिसके कारण हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ता है। उन्होंने ममता बनर्जी पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विपक्षी दलों को स्वतंत्र रूप से काम करने नहीं देना चाहतीं। लेकिन अब उनकी यह राजनीति नहीं चलेगी। राज्य की जनता 2026 के विधानसभा चुनावों में इसका जवाब देगी। अमित मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने की आशंका जताने को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपनी हार के डर से इस तरह के बयान दे रही हैं। उन्होंने कहा 2026 के चुनावों में तृणमूल की धांधली और डराने-धमकाने की रणनीति को चुनाव आयोग कामयाब नहीं होने देगा।

## जालंगी में भारी मात्रा में गांजा बरामद, मकान मालिक व बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के जालंगी में स्थित एक घर से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में घर के मालिक और एक बांग्लादेशी घुसपैठिया को गिरफ्तार किया है, जो उस घर पर छिपा हुआ था। अभियुक्तों के नाम मकान मालिक शफीकुल इस्लाम और बांग्लादेशी घुसपैठिया दिलवर हुसैन है। बताया गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जालंगी थाने की पुलिस ने शुक्रवार की देर रात भारत-बांग्लादेश सीमा पर मुर्शिदाबाद के जालंगी के दक्षिण घोषपाड़ा इलाके में छापेमारी की। वहां शफीकुल इस्लाम के घर की तलाशी ली गई। वहां से करीब 25 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने घर के मालिक शफीकुल इस्लाम और बांग्लादेशी



युवक दिलवर हुसैन को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि शफीकुल इस्लाम जालंगी के दक्षिण घोषपाड़ा इलाके का निवासी है, दिलवर हुसैन बांग्लादेश के कुश्तिया जिले के दौलतपुर इलाके के निवासी हैं। गिरफ्तार लोगों को शनिवार को बहरामपुर जिला न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। लेकिन क्या आरोपी केवल नशीली दवाओं के व्यापार में ही शामिल हैं? या फिर उनका कोई बड़ा उद्देश्य था? पुलिस जांच कर रही है।

# 'भारत भविष्य में अहम भूमिका निभाएगा', अमेरिका के साथ संबंधों पर बोले राज्यपाल बोस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाल में हुई मुलाकात भारत और अमेरिका के बीच मजबूत होते संबंधों को दर्शाती है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि ट्रंप और पीएम मोदी के बीच की दोस्ती वैश्विक ढांचे में भारत के कद को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भविष्य के विचार-विमर्श और निर्णयों में भारत निर्णायक भूमिका निभाएगा, जो इतिहास के पाठ्यक्रम को प्रभावित करेगा। यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी, जो



निश्चित रूप से पूरे भारत के लिए फायदेमंद है।

**❑ राज्यपाल को संविधान से कुछ विवेकाधीन शक्तियां मिलीं**

राज्य विधानसभा में हाल की घटनाओं को संबोधित करते हुए, राज्यपाल बोस ने अपने अभिभाषण से आरजीकर दुष्कर्म और हत्या की घटना को छोड़ दिया, जिसका भाजपा विधायकों द्वारा विरोध किया गया। इस पर, बोस ने टिप्पणी की कि राज्यपाल का भाषण सरकार की नीति को दर्शाता है, न कि उनके व्यक्तिगत विचार। उन्होंने बताया कि संविधान राज्यपाल को कुछ विवेकाधीन शक्तियां प्रदान करता है, जिनका प्रयोग इसके मापदंडों के भीतर किया जा सकता है। हालांकि, राज्यपाल का अभिभाषण मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार किया जाता है और आमतौर पर इसमें सरकार के कार्यों की रूपरेखा होती है। राज्यपाल भाषण की विषय-वस्तु के बारे में सुझाव दे सकते हैं, लेकिन विपक्ष को इसे प्रस्तुत करने के दौरान आपत्ति जताने का अधिकार है, जिसका उन्होंने प्रयोग किया। मैंने उनकी बात सुनने के लिए अपना भाषण रोक दिया।

**❑ राष्ट्रपति के पास भेजा अपराजिता विधेयक**

पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन विधेयक (अपराजिता विधेयक) के संबंध में राज्यपाल बोस ने अपनी सांविधानिक जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया। विधानसभा में विधेयक के सर्वसम्मति से पारित होने के बावजूद, उन्होंने इसे राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पारित होने के बाद विधेयक प्राप्त होने पर, राज्यपाल के पास तीन विकल्प हैं: विधेयक पर सहमति, इसे वैध सुझावों के साथ पुनर्विचार के लिए वापस करना, या इसे राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखना। मैंने तीसरा विकल्प चुना, और इस प्रकार, इसे राष्ट्रपति के पास भेज दिया गया। अब अंतिम निर्णय राष्ट्रपति के पास है।

## तृणमूल विधायक सावित्री मित्रा के ड्राइवर की हत्या की कोशिश, चाकू से किए गए कई वार

**मालदह :** तृणमूल विधायक सावित्री मित्रा की गाड़ी पर हमले की घटना के कुछ ही दिनों बाद अब उनके ड्राइवर पर हमला हुआ है। आरोप है कि कुछ नकाबपोश बदमाशों ने ड्राइवर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। यह घटना शुक्रवार की देर रात ओल्ड मालदह के नारायणपुर बीएसएफ कैंप ब्लॉक के पास घटी। परिवार के अनुसार, विधायक की गाड़ी के ड्राइवर अनुप साहा अपने परिवार के साथ एक शादी से लौट रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य आगे बढ़ चुके थे, जबकि अनुप थोड़ा पीछे था। तभी, उसने देखा कि तीन-चार लोग ब्लॉक गेट के पास संदिग्ध गतिविधि कर रहे थे। जब



उसने अपने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया और चाकू से कई वार किए। अनुप की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी दौड़कर मौके पर पहुंची, जिससे हमलावर फरार हो गए। परिवार के लोगों ने घायल अनुप को तुरंत मौलपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। पुलिस को संदेह है कि यह हमला पहले हुई घटना से जुड़ा हो सकता है। गौरतलब है कि पिछले महीने सावित्री मित्रा की गाड़ी पर हमला हुआ था। उनका दावा था कि इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के धरमपुर के पास एक संदिग्ध गाड़ी ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की थी। गाड़ी का पीछा भी किया गया था, लेकिन किसी तरह वह बच गई थीं। अब उनके चालक पर हुए इस हमले से उनका परिवार भयभीत है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके।

### पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में पेशी के दौरान कैदी फरार

**सिलीगुड़ी :** शहर के सिलीगुड़ी कोर्ट परिसर में एक आरोपी फरार हो गया। फरार आरोपी का नाम विकास कार्की है। आरोपी को उपद्रव मचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बताया जा रहा है कि दार्जिलिंग जिले के खोरीबाड़ी थाना अंतर्गत पानीटंकी चौकी की पुलिस ने विकास कार्की को उपद्रव मचाने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। आरोपी को शनिवार को सिलीगुड़ी अदालत में लाया गया। पुलिस की गाड़ी से उतरने के दौरान वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नरेट और दार्जिलिंग जिला पुलिस के अधिकारी अदालत पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज में आरोपित भागता हुआ नजर आया। एसीपी टी रॉबिन ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## श्यामपुर के एक कॉलेज में खेल प्रतियोगिता के दौरान छात्र की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के श्यामपुर स्थित सिद्धेश्वरी महाविद्यालय में कॉलेज की खेल प्रतियोगिता के दौरान एक छात्र की मौत हो गई। यह घटना 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के दौरान घटी, जिसमें मृतक छात्र रूपम शी (19) भी अन्य छात्रों के साथ हिस्सा ले रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर को कॉलेज में खेल प्रतियोगिता और पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन उत्सव आयोजित किया गया था, जिसमें वर्तमान और पूर्व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। रूपम दौड़ पूरी करने के बाद अचानक मैदान में बैठकर तेजी से हांफने लगा और फिर वह गिरकर बेहोश हो गया। अन्य छात्रों



और कॉलेज प्रशासन ने उसे होश में लाने की कोशिश की, लेकिन जब उसने प्रतिक्रिया नहीं दी, तो उसे तत्काल स्थानीय झुमझुमी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद श्यामपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शरीर को पोस्टमॉर्टम के लिए उलुबेड़िया शरतचंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस मामले की जांच जारी है।

## कोलकाता में 'ग्लोबल एजुकेशन कॉन्क्लेव' में शिक्षा नवाचार और वैश्विक मानकों पर चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** एमएसएमई और स्टार्टअप एक्सेलरेटर (मासा) ने पश्चिम बंगाल ट्रेडर्स एसोसिएशन के सहयोग से 'ग्लोबल एजुकेशन कॉन्क्लेव - लुक ईस्ट फॉर एजुकेशन एक्सीलेंस' का आयोजन राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता में किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पूर्वी भारत को शिक्षा में नवाचार और वैश्विक मानकों का केंद्र बनाना था। मासा के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सभी हितधारकों के एकजुट होने की आवश्यकता पर जोर दिया। पश्चिम बंगाल सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विनोद कुमार, आईएएस ने राज्य सरकार के शिक्षा सुधारों की प्रतिबद्धता को



रेखांकित किया। सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रोफेसर (डॉ.) ध्रुबोज्योति चट्टोपाध्याय ने शिक्षा के तकनीकी दृष्टिकोण से बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में डॉ. पार्थ एस. घोष (बास्टन प्लेज) और डॉ. आनंद मित्रा (वीक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी-यूएसए) ने छात्रों को वैश्विक बाजार के लिए तैयार करने पर चर्चा की। साकरोबोटिक्स-भुवनेश्वर के साक्यसिंह महापात्र, मासा की प्रज्ञा झुंझुनवाला और अन्य ने पूर्वी भारत को अकादमिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने की संभावना पर विचार व्यक्त किया। सम्मेलन का समापन 'एजुकेशनल चेंजमेकर्स ऑफ द ईस्ट अवॉर्ड्स' के साथ हुआ, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संस्थानों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले संस्थानों में युनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मेनेजमेंट, साक रोबोटिक्स, कलकत्ता एंग्लो गुजराती कॉलेज और अन्य शामिल थे।

एमएसएमई और स्टार्टअप एक्सेलेरेटर (मासा) के प्रमुख सदस्य विभोर टंडन, प्रज्ञा झुनझुनवाला, ईरा साहा और ईना बोस ने इस सम्मेलन को शिक्षा में नवाचार और बदलाव का प्रेरक बताया, जो पूर्वी भारत को वैश्विक शिक्षा मानकों का प्रतीक बनाएगा।

### लिलुआ में मीटर बॉक्स में लगी आग



**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के लिलुआ थाना अंतर्गत रवींद्र सरणी इलाके में शनिवार की सुबह एक अपार्टमेंट के निचले तल्ले में मीटर बॉक्स में आग लग गयी। आग तुरंत फैल गया। सूचना पाकर मौके पर दमकल की दो इंजन पहुंची। आग बुझाने का काम शुरू हुआ, लेकिन पहले तल्ले पर स्थित तीन फ्लैट इस आग की चपेट में आ गया। हालांकि, घटना में किसी के आहत होने की खबर नहीं है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## कैरेटली ने कोलकाता में अपने एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ किया



**कोलकाता :** लक्जरी ज्वेलरी ब्रांड कैरेटली ने कोलकाता में अपने विशेष स्टोर की शुरुआत की है। यह स्टोर 9 एल्गिन रोड, तीसरी मंजिल पर स्थित है। कैरेटली की स्थापना रिशिका अग्रवाल ने की , जिनका सपना मात्र 9 साल की उम्र में एक ऐसा ब्रांड बनाने का था, जो अर्थपूर्ण, सदाबहार और सुलभ ज्वेलरी प्रदान करे। अगस्त 2023 में कैरेटली ने अपनी ऑनलाइन स्टोर की शुरुआत की, जो आइजीआइ -सर्टिफाइड डायमंड और 18 कैरेट गोल्ड की ज्वेलरी उपलब्ध कराता है। रिशिका अग्रवाल का जन्म एक प्रतिष्ठित ज्वेलरी व्यवसायी परिवार में हुआ था। उनके उद्यमशील दृष्टिकोण को उनके परिवार की 50 वर्षों से अधिक की समृद्ध विरासत ने प्रेरित किया। उनके परिवार द्वारा 1974 में श्री रतन लाल अग्रवाल और श्री रेवती रमन अग्रवाल के नेतृत्व में आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स की स्थापना की गई थी। 1980 में कोलकाता के बड़ाबाजार में पहला स्टोर खुलने के बाद से यह ब्रांड निरंतर प्रगति कर रहा है। 2018 में तीसरी पीढ़ी के सदस्य, श्री ऋषभ अग्रवाल ने व्यवसाय में प्रवेश किया और अपने नए विचारों एवं आधुनिक दृष्टिकोण से इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक लोकप्रिय ब्रांड बना दिया। आज, कैरेटली के 300 से अधिक ग्राहक हैं और यह ब्रांड विशेष रूप से शादी उपहार, एग्जीबिशन, बच्चों की ज्वेलरी और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के लिए पसंदीदा विकल्प है। लगभग 20,000 की औसत कीमत के साथ, यह ब्रांड असली गहनों को आपकी रोजमर्रा की स्टाइल का हिस्सा बना रहा है। कैरेटली की संस्थापक, रिशिका अग्रवाल ने कहा, हमें कोलकाता में अपने ब्रांड को जीवंत करने की खुशी है। हमारा स्टोर हमारे इस जुनून को दर्शाता है कि हम अर्थपूर्ण और सुलभ ज्वेलरी बनाना चाहते हैं।

### कोलकाता में रेजीडेंस लॉन्च करने के लिए मर्लिन ग्रुप ने फैशन टीवी के साथ की साझेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मर्लिन ग्रुप ने वैश्विक जीवनशैली और फैशन मीडिया दिग्गज फैशन टीवी के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एफ रेजीडेंस मर्लिन को पेश किया जाएगा - कोलकाता का पहला




ब्रांडेड लक्जरी निवास जो उच्च फैशन और ग्लैमर की दुनिया से प्रेरित है। कोलकाता में अपनी शुरुआत के साथ, यह परियोजना फैशन टीवी की विशिष्ट शैली से प्रभावित प्रीमियम आवासों का वादा करती है, जो आधुनिक गृहस्वामियों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ब्रांडेड आवासों के अनुरूप फैशन से प्रेरित वास्तुकला और विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करती है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, मर्लिन समूह के प्रबंध निदेशक साकेत मोहता ने कहा कि हम फैशन टीवी के सहयोग से कोलकाता के पहले ऋरेजिडेंस को लाने पर रोमांचित हैं। यह परियोजना उच्च फैशन और उच्च जीवन शैली के सही तालमेल का प्रतीक है, जो शहर के आकांक्षी गृहस्वामियों के लिए लक्जरी को फिर से परिभाषित करती है। इस वास्तुशिल्प कृति का प्रत्येक तत्व फैशन टीवी के डिज़ाइन सिद्धांतों से प्रेरित है, जो निवासियों को घर पर एक विशिष्ट उच्च-फ़ैशन जीवनशैली का अनुभव करने की अनुमति देता है।

## हावड़ा के आलमपुर में एटीएम तोड़कर आग लगाकर लाखों रुपये लूटने की सनसनीखेज घटना

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के आलमपुर इलाके में शनिवार सुबह एटीएम तोड़कर और उसमें आग लगाकर लाखों रुपये लूटने की सनसनीखेज घटना घटी है। घटना के बाद सांकराईल थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आलमपुर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक एटीएम काउंटर सड़क पर स्थित था, जहां यह लूटपाट की गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एटीएम में कई लाख रुपये रखे गए थे। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले लूट की घटना देखी और पुलिस को सूचित किया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, लूट सुबह साढ़े चार बजे के आसपास हुई। अपराधी संख्या में अधिक थे और उन्होंने एटीएम को तोड़ा और उसकी सामने की ओर आग लगा दी, जिससे वह



पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। एटीएम के टूटे हुए टुकड़े सड़क पर और काउंटर के अंदर फैले हुए थे।

पुलिस के उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और जानकारी दी कि इस इलाके में केवल एक ही एटीएम काउंटर था, जहां रोजाना अधिक रुपये रखे जाते थे क्योंकि ग्राहकों की संख्या अधिक थी। पुलिस का मानना है कि लाखों रुपये लूटे गए हैं। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

## पिता के पार्थिव शरीर को छोड़कर परीक्षा देने पहुंची बेटी, मानसिक दृढ़ता को सलाम



**हुगली :** हुगली जिले के पांडुआ के ताराजल गांव की रहने वाली मुस्कान खातून ने अपनी माध्यमिक परीक्षा के दिन गहरी व्यक्तिगत क्षति झेली, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। उनके पिता, अब्दुल कयूम, का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह पूर्व बर्दवान के एक अस्पताल में भर्ती थे। किसान अब्दुल कयूम हमेशा चाहते थे कि उनकी बेटी पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बने, और मुस्कान ने उनके इसी सपने को पूरा करने का संकल्प लिया।

पांडुआ हाथनी उच्च विद्यालय की छात्रा मुस्कान का परीक्षा केंद्र बैंची बाटिका उच्च विद्यालय में पड़ा। शनिवार को जब वह अपनी जीवन की पहली बड़ी परीक्षा दे रही थी, उसी समय घर पर उसके पिता का अंतिम संस्कार किया जा रहा था। पिता के पार्थिव शरीर को छोड़कर परीक्षा देने जाने का फैसला उसके लिए आसान नहीं था, लेकिन वह जानती थी कि यही उसके पिता की इच्छा थी।

बाटिका बैंची पंचायत के उपप्रधान दीप्तेंदु बंद्योपाध्याय ने इस दुखद खबर के बाद मुस्कान की सहायता सुनिश्चित की। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर एंबुलेंस और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था करवाई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल सके। उन्होंने कहा, पिता के निधन के बीच परीक्षा देना बेहद कठिन है, लेकिन मुस्कान की मानसिक दृढ़ता प्रेरणादायक है। जीवन में आगे भी उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अभी उसका ध्यान परीक्षा पर होना चाहिए।

मुस्कान ने भावुक होते हुए कहा, शुक्रवार को पापा का निधन हो गया। आज सुबह 11 बजे उनका अंतिम संस्कार होना था, लेकिन उससे पहले मैं परीक्षा देने आई। पापा हमेशा कहते थे कि मैं पढ़ाई में अच्छी हूं और अच्छे नंबर लाऊंगी। अब मैं उनकी उस उम्मीद को पूरा करने की कोशिश करूंगी।

मुस्कान की मां ने भी कहा, मेरे पति हमेशा कहते थे कि हमारी बेटी को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। आज वह अपनी परीक्षा दे रही है, यह देखकर मुझे गर्व होता है कि उसने अपने पिता की इच्छा का सम्मान किया है।

इलाके के लोग मुस्कान की इस अदम्य हिम्मत और समर्पण को सलाम कर रहे हैं।

### नंदीग्राम आंदोलन: 'सुफियान समेत सभी आरोपियों को न्याय के कटघरे में आना होगा', हाईकोर्ट में राज्य की याचिका खारिज

**कोलकाता :** 2007 में नंदीग्राम में भूमि आंदोलन के दौरान हत्या और अपहरण के आरोपों में तृणमूल नेता शेख सुफियान, अबू ताहेर समेत लगभग 70 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307, 302 और 364 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इन मामलों को वापस लेने के लिए राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। इससे पहले निचली अदालत ने राज्य सरकार की याचिका स्वीकार कर ली थी, लेकिन उस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें राज्य भी पक्षकार था। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी शामिल थे, ने स्पष्ट रूप से कहा कि समाज को हिंसा मुक्त बनाना राज्य का कर्तव्य है। हत्या जैसे गंभीर अपराधों के मामलों को वापस लेने का फैसला गलत संदेश देगा। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कोई भी मामला जनहित में वापस नहीं लिया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि चुनावी हिंसा हो या चुनाव के बाद की हिंसा, लोकतंत्र के लिए हिंसा को पूरी तरह त्यागना आवश्यक है। राज्य सरकार को किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए। इस मामले में पहले ही राज्य सरकार चार्जशीट दाखिल कर चुकी थी। ऐसे में चार्जशीट पेश करने के बाद राज्य सरकार अब मामले को वापस क्यों लेना चाहती है? इसी सवाल को आधार बनाकर दीपक मिश्रा और नीलांजन अधिकारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके जवाब में राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में मामला वापस लेने की अर्जी दी थी, लेकिन डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार की इस याचिका को खारिज करते हुए फटकार लगाई। अब इस फैसले के बाद तृणमूल नेता शेख सुफियान, अबू ताहेर समेत सभी आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया का सामना करना होगा।

## सीडा का तीन दिवसीय व्यापार मेला शानदार सफलता के साथ संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतवर्ष की वृहततम संस्था कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भव्य व्यापार मेला (ट्रेड फेयर) का तीसरा दिन शनिवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस दिन मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता नगर निगम के पौर समिति के सदस्य वार्ड 70 के पार्षद असीम बोस एवं महेशतल्ला नगर निगम के वार्ड 1 के पार्षद सतेंद्र सिंह तथा वार्ड 1 के अध्यक्ष मृणाल साहा उपस्थित रहे।

अध्यक्ष आलोक सिंह, ने अपने अभिभाषण में सभी व्यापार मेला के सम्मिलित सदस्यों का अभिनंदन किया और विश्वास दिलाया कि अगली बार और भव्य रूप से इस प्रकार का मेला आयोजित किया जाएगा और उन्हें सभी का सहयोग मिलेगा। मानद सचिव अभिषेक वर्मा ने भी अपने संबोधन में यही आशा व्यक्त की कि उनकी पूरी कोशिश थी और है कि मेले में अंतिम पंक्ति के क्रेता और उपभोक्ता भी सम्मिलित हों, और इस प्रयास में वे सफल भी हुए हैं। मेला आयोजन चेयरमैन सत्य प्रकाश साव ने अपनी वक्तव्य में मेले में उपस्थित सभी का स्वागत किया और मेले की अपार सफलता को सभी को समर्पित किया।

मेला प्रदर्शक और सहभागी, लाइट्स के निखिल गुप्ता और पीयूष गुप्ता ने भी मेला आयोजन को सफल से भी ज्यादा सफलतम करार दिया। टू पावर लिमिटेड के प्रीतम राय और कौस्तुभ दे ने भी सीडा द्वारा आयोजित मेले को अत्यंत उत्तम और सफल बताया।

समापन समारोह में कार्यकारिणी के सदस्य अरुण कोठारी, जे.एन चटर्जी, गोपाल दे, महेश दत्तानी, नवल किशोर सिंह, राज किशोर यादव, हरेंद्र कुमार मिश्रा, चंद्रेश मेघानी (रोमी भाई), आदित्य अग्रवाल, सुनील सिंघी, नारायण पाणिग्रही, दिलीप मारोडीया, बृजेश लड्ढा, आनंद प्रकाश चांदगोठीया, संजय सिंघी, अशोक बंका, संदीप राठी, अरविंद तिवारी बाबा का भी अतुल्य सहयोग रहा। मेला ट्रेड फेयर समिति के चेयरमैन सत्य प्रकाश साव, सह चेयरमैन द्वय हरी प्रपन्न थरड, संजय सिंघी, सदस्य मनोज कुमार सिंह, आदित्य विक्रम मोहनका, आनंद प्रकाश चांदगोठीया, चंद्रेश मेघाणी, हरेंद्र कुमार मिश्रा, सूर्य प्रकाश तोषनीवाल, सुनील सिंघी ने भी अपने कार्य कुशलतापूर्वक संपन्न किया। उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सह सचिव आदित्य विक्रम मोहनका, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में सदैव तत्पर रहे। मंच का संचालन संजय सिंघी के द्वारा हुआ, मुख्य द्वार पर मिनेश ठकरार का संचालन भी अतुल्य रहा। कार्यक्रम में भूतपूर्व सचिव संदीप चतुर्वेदी, शशांक पाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मेला के सफलता मेला समिति के चेयरमैन सत्य प्रकाश साव के विश्वास पर खरे उतरने में जिनका योगदान अपूर्व रहा वो भाई नीलू (सूर्य दीप बर्मन), हरेंद्र कुमार मिश्रा, अविनाश वर्मा, सह चेयरमैन हरी प्रपन्न थरड, सुनील सिंघी, संजय सिंघी, मनोज कुमार सिंह, मिथलेश सिंह का सहयोग अमिट है। इसी क्रम में अतुल्य स्टाल सज्जा का खिताब क्रमांक एक पर लाइट्स, क्रमांक दो पर टू पॉवर एवं क्रमांक तीन पर सम्मिलित रूप से द्वय प्रकाश इलेक्ट्रिकल्स, स्वास्तिक पॉवर सप्लाई सिस्टम्स ने अपने नाम किया। समापन समारोह के विराम पूर्व सभी प्रदर्शकगणों को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उपरोक्त सूचना चेयरमैन मिडिया एवं भूतपूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी बाबा ने प्रेषित किया।



**सिंडोट इलेक्ट्रिक्स के मालिक उमाकांत अग्रवाल (बंटी) ने बताया कि इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) का तीन दिवसीय व्यापार मेला काफी बेहतरीन रहा। वे पिछले कई वर्षों से यहां स्टॉल लगाते आ रहे है और हर वर्ष बेहतर अनुभव मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि संस्था आगामी वर्षों में भी इस तरह की प्रदर्शनी आयोजित करते रहे, ताकि आने वाले वर्षों में और कई उद्यमी इसमें जुड़े और आयोजन को बड़ा बनाए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदर्शनी में करीब 15-20 नए व्यापारी वर्ग से उनका संपर्क स्थापित हुआ और नया बिजनेस मिला है।**



**कोठारी इंडस्ट्रीज के सीईओ व प्रसिद्ध उद्योगपति अरुण कोठारी ने कहा कि कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय व्यापार मेला बहुत अच्छा, सुंदर और प्रभावी रहा। कार्यक्रम की जगह काफी अच्छी थी और संस्था के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की व्यवस्था काफी प्रभावी ढंग से की थी, जिसके चलते हम जैसे लोगों को किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं हुई। उन्होंने आगे बताया कि वे पहली बार यहां स्टॉल लगाए थे और उन्हें व्यापारी वर्ग से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा कि वे इससे पहले काफी प्रदर्शनी में स्टॉल लगा चुके है, लेकिन यहां का उनका अनुभव बेहतरीन रहा। तीन दिनों में लगातार व्यापारी वर्गो का आना-जाना लगा रहा।**

# मामलेश्वर मंदिर, पहलगाम, कश्मीर

## हमारी अंजानी धरोहर-62



डॉ. एस. के. सैनी

धरती पर स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में सबसे खूबसूरत जगह है पहलगाम और यहीं पर स्थित है मामलेश्वर मंदिर। इस मंदिर के बारे में एक किवदन्ति है कि गणेश जी को अपना हाथी की सूंड वाला शीश भगवान शंकर द्वारा दिया गया था। गणेश जी जब मां पार्वती स्नान कर रही थी तब द्वार पर पहरा दे रहे थे। भगवान शंकर को भी उन्होंने अंदर नहीं जाने दिया। इससे कुपित होकर भगवान शंकर ने उनका सिर काट दिया। माता पार्वती के नाराज होने पर उन्होंने गणेश के लिए वैकल्पिक शीश की व्यवस्था की खोज शुरू की। उसी समय उन्हें यहीं पर एक हाथी मिला उन्होंने हाथी का शीश काट कर तुरन्त गणेश के धड़ पर लगा दिया।

यह मंदिर पहलगाम के खच्चर स्टैंड से कुछ ही दूरी पर स्थित है लिद्दर नदी पास ही कल कल करती हुई बह रही है।

ममलेश्वर मंदिर को कश्मीरी भाषा में मामल मंदिर के नाम से भी बोला जाता है। यह 12वीं शताब्दी पुराना मंदिर है जिसमें शिवलिंग प्रतिस्थापित है। बलुआ पत्थर से बने हुए इस मंदिर का ज्यादा इतिहास ज्ञात नहीं है किंतु यह कश्मीर के पुराने मंदिरों में से एक है जो इस बात का प्रतीक है कि कश्मीर में पहले हिंदू बहुल जनता निवास करती थी..



इस मंदिर का एक महत्वपूर्ण आकर्षण दो मुंह वाला नंदी है जो शिवलिंग के समक्ष है। पहलगाम घूमने वाला हर पर्यटक बेताब वैली और लिदर नदी जाता है इस मंदिर में जरूर आता है। मुस्लिम बहुल कश्मीर घाटी में अब गिने चुने ही हिंदू मंदिर बचे रह गए हैं। इसलिए यह मंदिर दूर से ही आकर्षित करता है।

यह मंदिर बलुये पत्थरों से बना हुआ है और पत्थरों पर पचीकारी भी की गई है। एक और कथा के मुताबिक किए महाभारत काल में इस मंदिर की स्थापना पांच पांडवों में से एक नकुल ने की थी। यह मंदिर प्रतिदिन 9 बजे से 6 बजे सायंकाल तक खुला रहता है। यह मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन है।

# हिन्दी शिक्षण में अनुभवात्मक अधिगम: विस्तृत विवरण एवं उदाहरण



डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय

अनुभवात्मक अधिगम (Experiential Learning) एक ऐसी शिक्षण पद्धति है जिसमें छात्र केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहकर प्रत्यक्ष अनुभवों के माध्यम से सीखते हैं। हिन्दी भाषा शिक्षण में यह पद्धति छात्रों की रुचि बढ़ाने, भाषा-ज्ञान को व्यावहारिक बनाने और उनकी रचनात्मकता को विकसित करने में सहायक होती है। नीचे कुछ प्रमुख गतिविधियाँ विस्तृत उदाहरणों के साथ दी गई हैं:

**1. संवाद मंचन** (Dialogue Enactment)

**उद्देश्य:** छात्रों को हिन्दी नाटक, कहानी और कविता के संवादों को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर देना, जिससे वे उच्चारण, हावभाव और कथन शैली को बेहतर समझ सकें।

**उदाहरण:** पाठ: प्रेमचंद की कहानी 'पंच परमेश्वर'

**गतिविधि:** छात्र समूह बनाकर इस कहानी के प्रमुख पात्रों (अल्गू चौधरी, जुम्मन शेख) की भूमिका निभाएँ।

वे संवाद बोलकर कहानी की मुख्य घटनाओं को कक्षा में मंचित करें।

अभिनय के बाद चर्चा करें कि निर्णय लेते समय निष्ठा और न्याय की भावना क्यों आवश्यक होती है।

**परिणाम:** छात्र कहानी की मूल भावना को गहराई से समझ पाएँगे, उनकी संवाद अदायगी और आत्मविश्वास में सुधार होगा।

**2. सृजनात्मक लेखन** (Creative Writing)

**उद्देश्य:** छात्रों की कल्पनाशक्ति और लेखन कौशल को विकसित करना।

**उदाहरण:**

**गतिविधि:** कक्षा में एक अधूरी कहानी दी जाए, जैसे:

एक जंगल में एक छोटा सा खरगोश रहता था। वह बहुत बुद्धिमान था, लेकिन एक दिन...

छात्र इस कहानी को अपनी कल्पना के अनुसार पूरा करें।

इसके बाद वे एक-दूसरे की कहानियाँ पढ़कर उनमें सुधार की सलाह दें।

**परिणाम:** छात्रों की कल्पनाशक्ति विकसित होगी, वे विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करना सीखेंगे, और उनकी लेखन शैली में सुधार होगा।

**3. कविता लेखन एवं वाचन** (Poetry Writing Recitation)

**उद्देश्य:** छात्रों को रचनात्मक अभिव्यक्ति और काव्य सौंदर्य को समझने का अवसर देना।

**उदाहरण:**

**विषय:** माँ, प्रकृति, स्वतंत्रता, बचपन, दोस्ती

**गतिविधि:** छात्र इन विषयों पर छोटी-छोटी कविताएँ लिखें।

कक्षा में कविता पाठ करें और उनके भावार्थ पर चर्चा करें।

उदाहरण के लिए, यदि छात्र माँ पर कविता लिख रहे हैं, तो वे इसमें माँ के प्यार, त्याग और संघर्ष का चित्रण कर सकते हैं।

**परिणाम:** छात्रों में भाषा के प्रति रुचि बढ़ेगी, उनके भावनात्मक विकास को बल मिलेगा, और उनकी अभिव्यक्ति शैली सशक्त बनेगी।

**4. शब्दावली खेल** (Vocabulary Games)

**उद्देश्य:** छात्रों की शब्दावली बढ़ाना और व्याकरण को मनोरंजक तरीके से सिखाना।

**उदाहरण:**

**गतिविधि:** छात्रों को दो समूहों में बाँटा जाए।

एक समूह एक शब्द देगा और दूसरा समूह उसका पर्यायवाची (समानार्थी) या विलोम (विपरीतार्थक) शब्द बताएगा।

जैसे, यदि पहला समूह साहस शब्द देता है, तो दूसरा समूह वीरता कह सकता है।

इसी तरह मुहावरे और लोकोक्तियों को भी खेलों के माध्यम से सिखाया जा सकता है।

**परिणाम:** छात्र खेल-खेल में हिन्दी शब्दावली का अभ्यास करेंगे, जिससे उनकी भाषा-ज्ञान क्षमता बढ़ेगी।

**5. साक्षात्कार गतिविधि** (Interview -ctiv-ity)

**उद्देश्य:** छात्रों की वार्तालाप क्षमता, सुनने और लिखने की दक्षता को सुधारना।

**उदाहरण:**

**गतिविधि:** छात्र अपने दादा-दादी या किसी स्थानीय बुजुर्ग से उनके बचपन, शिक्षा, और पुराने समय की जीवनशैली पर साक्षात्कार लें।

इस साक्षात्कार को हिन्दी में लिखें और कक्षा में प्रस्तुत करें।

**परिणाम:** छात्र वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीखेंगे, उनका संवाद कौशल सुधरेगा, और वे समाज की सांस्कृतिक धरोहर से परिचित होंगे।

**6. पोस्टर और विज्ञापन निर्माण** (Poster -dvertisement Creation)

**उद्देश्य:** छात्रों को सृजनात्मकता और संचार कौशल विकसित करने का अवसर देना।

**उदाहरण:**

**विषय:** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, जल बचाओ

**गतिविधि:** छात्र अपने चुने हुए विषय पर एक पोस्टर बनाएँ।

उसमें हिन्दी में कोई प्रभावशाली नारा (डश्रे-सरप) लिखें, जैसे जल ही जीवन है।

अपने पोस्टर को कक्षा में प्रस्तुत करें और उसके संदेश को समझाएँ।

**परिणाम:** छात्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ेगी और वे भाषा को दृश्य और कलात्मक रूप से प्रस्तुत करना सीखेंगे।

**7. भाषा प्रयोगशाला** (Language Lab -udio-Visual -ids)

उद्देश्य: छात्रों की श्रवण और उच्चारण क्षमता को सुधारना।

**उदाहरण:**

गतिविधि: छात्रों को एक प्रसिद्ध हिन्दी कविता या कहानी की ऑडियो रिकॉर्डिंग सुनाई जाए।

सुनने के बाद उनसे सवाल पूछे जाएँ, जैसे कि इस कहानी का मुख्य पात्र कौन था?

वे स्वयं भी एक छोटा भाषण या कविता रिकॉर्ड कर सकते हैं।

**परिणाम:** छात्रों का उच्चारण, भाषा की समझ और बोलने का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**8. स्थानीय भ्रमण और रिपोर्ट लेखन** (Field Visit Report Writing)

**उद्देश्य:** छात्रों को प्रत्यक्ष अनुभव देकर हिन्दी लेखन कौशल को विकसित करना।

**उदाहरण:**

**गतिविधि:** छात्रों को किसी ऐतिहासिक स्थल (जैसे किला, संग्रहालय) या स्थानीय पुस्तकालय का भ्रमण कराया जाए।

वहाँ के अनुभवों को वे अपनी शब्दावली में लिखें और प्रस्तुत करें।

**परिणाम:** छात्र व्यावहारिक रूप से सीखेंगे, उनका अवलोकन कौशल बढ़ेगा और उनकी लेखन शैली में सुधार आएगा।

**निष्कर्ष:** हिन्दी शिक्षण में अनुभवात्मक अधिगम विधियों को अपनाने से कक्षा में सक्रियता बनी रहती है, छात्रों की भाषा दक्षता में सुधार होता है, और वे भाषा को केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा न मानकर एक जीवंत अनुभव के रूप में ग्रहण करते हैं। इन गतिविधियों से उनकी सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और विश्लेषण क्षमता भी विकसित होती है।

# दोस्ती



डॉ.मंजरी शुक्ला

नटखट नीटू ने घर के चारों ओर बेचैनी से कूदते हुए कहा, आज डॉक्टर अंकल हमारे स्कूल में 'आंखों की जांच' शिविर लगाएंगे और हमें आंखों को स्वस्थ रखने के तरीके बताएंगे और ये बताएँगे कि हमारी आखों को क्या नुकसान करता है।

मां मुस्कुराते हुए बोली, ये बहुत अच्छा हुआ, तुम लोग सारे समय मोबाइल देखा करते हो अब तुम्हें ये भी पता लगेगा कि उसका ज़रूरत से ज़्यादा उपयोग तुम्हें चश्मा दिलवा के ही मानेगा।

मोबाइल का नाम आते ही नीटू ने वहाँ से भागने में ही अपनी भलाई समझी।

तभी माँ बोली-दरवाजे की ओर तो देखो। तुम्हारा सबसे प्यारा अच्छा दोस्त डिम्पी स्कूल जाने के लिए तुम्हें लेने आया है।

हाँ, प्रिंसिपल सर ने कहा था कि सभी छात्रों को इस शिविर में अनिवार्य रूप से भाग लेना था है।



नीटू ने अपना बस्ता और वाटर बॉटल उठाई और उछलते कूदते हुए स्कूल के गेट के पास पहुंचा ही था कि तभी सामने से आ रहा एक लड़का नीटू से टकरा गया। नीटू गिर पड़ा और उसकी पानी की बोतल सड़क पर गिर गई।

नीटू गुस्से में चिल्लाया, तुम ठीक से नहीं देख सकते क्या?

डिम्पी भी नीटू के पक्ष में तुरंत बोल पड़ा, तुमने मेरे दोस्त की बोतल ज़मीन में गिरा दी। तुम्हारे पास आंखें हैं या नहीं?

मुझे माफ करना भाई, मेरी आंखों की रोशनी में समस्या है लेकिन मेरे परिवार के पास इलाज या जांच कराने के पैसे नहीं हैं।

नीटूऔर डिम्पी चौंक गए। उन दोनों के समझ ही नहीं आया कि वे क्या कहे।

नीटू ने पूछा, तुम्हारा नाम क्या है?

गुड्डू, लड़के ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

आओ गुड्डू, हमारे साथ स्कूल चलो। आज हमारे स्कूल में मुफ्त आंखों की जांच शिविर हो रहा है, नीटू ने उसका हाथ थामते हुए कहा।

गुड्डू उनके साथ चलने लगा और वे तीनों स्कूल के अंदर चले गए।

स्कूल का गार्ड नीटू और डिम्पी के बार-बार कहने के बाद भी गुड्डू को स्कूल में घुसने नहीं दे रहा था।

तभी उन्होंने देखा कि डॉक्टर अंकल स्कूल के प्रिंसिपल सर के साथ अपनी कार से उतर रहे थे।

नीटू उनके पास दौड़ते हुए गया और गुड्डू के बारे में बताया।

लेकिन नीटू, यह जांच का शिविर केवल हमारे स्कूल के बच्चों के लिए है और गुड्डू हमारे स्कूल का छात्र नहीं है, प्रधानाचार्य ने नीटू से कहा।

नीटू बोला-लेकिन वह भी तो एक बच्चा है।

अब डॉक्टर अंकल ने बीच में कहा, मैं गुड्डू की आंखों की जांच ही नहीं करूंगा, बल्कि उसका निःशुल्क इलाज भी करूँगा। अगले महीने से मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि आसपास के ज़रूरतमंद बच्चों को भी इस शिविर में शामिल किया जाए।

प्रिंसिपल सर के चेहरे पर मुस्कान तैर गई और नीटू...वह तो दौड़ते हुए गुड्डू को ये खुशखबरी सुनाने जा रहा था।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के ये अनमोल विचार जीवन में लाएंगे बड़ा बदलाव



भारत के वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान देशभक्त होने के साथ एक कुशल प्रशासक भी थे।छत्रपति शिवाजी महाराज ने 1674 में मराठा साम्राज्य की नींव रखी।उनका जन्म 19 फरवरी 1630 ई. और मृत्यु 3 अप्रैल, 1680 ई. को हुई।आइए आज इस खास मौके पर जानते हैं वो पांच अनमोल विचार जो बदल देंगे आपकी जिदंगी।

- एक छोटा कदम छोटे लक्ष्य पर, बाद मे विशाल लक्ष्य भी हासिल करा देता है।
- जब हौसले बुलन्द हो, तो पहाड़ भी एक मिट्टी का ढेर लगता है।
- शत्रु को कमजोर न समझो, तो अत्यधिक बलिष्ठ समझ कर डरना भी नही चाहिए।
- जब लक्ष्य जीत की हो, तो हासिल करने के लिए कितना भी परिश्रम, कोई भी मूल्य , क्यो न हो उसे चुकाना ही पड़ता है।
- जो मनुष्य समय के कुच्रक मे भी पूरी शिद्दत से, अपने कार्यो मे लगा रहता है। उसके लिए समय खुद बदल जाता है।
- कोई भी कार्य करने से पहले उसका परिणाम सोच लेना हितकर होता है; क्योकी हमारी आने वाली पीढी उसी का अनुसरण करती है।
- शत्रु चाहे कितना ही बलवान क्यो न हो, उसे अपने इरादों और उत्साह मात्र से भी परास्त किया जा सकता है।

# शादी से पहले मंगेतर से जरूर पूछ लें ये पांच सवाल, सातों वचन निभाना हो जाएगा आसान



शादी जीवन का एक महत्वपूर्ण फैसला होता है और इसे मजबूत और खुशहाल बनाने के लिए आपसी समझ बहुत जरूरी होती है। शादी केवल प्रेम और आकर्षण का नाम नहीं है, बल्कि यह विश्वास, सम्मान और आपसी समझ से जुड़ा एक खूबसूरत रिश्ता होता है। शादी से पहले कुछ जरूरी सवाल पूछकर आप अपने रिश्ते को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और आगे की जिंदगी को सुगम बना सकते हैं। शादी से पहले 5 सवालों पर चर्चा करके आप एक मजबूत और खुशहाल वैवाहिक जीवन की नींव रख सकते हैं। आइए जानते हैं वे 5 अहम सवाल, जो हर मंगेतर को शादी से पहले एक-दूसरे से जरूर पूछने चाहिए।

## प्राथमिकताएं क्या हैं?

शादी के बाद पति-पत्नी की प्राथमिकताएं मेल खाती हैं या नहीं, यह जानना बहुत जरूरी है।

करियर, परिवार और व्यक्तिगत सपनों को लेकर उनका क्या नजरिया है?

क्या वे पारिवारिक जीवन को अधिक महत्व देते हैं या करियर को?

भविष्य में वे कहां बसना चाहते हैं?

इससे आपको एक-दूसरे की सोच और भविष्य की योजनाओं को लेकर स्पष्टता मिलेगी।

## वित्तीय स्थिति और बचत ?

पैसे और खर्चों को लेकर पति-पत्नी के बीच खुली बातचीत होनी चाहिए।

उनकी आय, बचत और खर्च करने की आदतें क्या हैं?

क्या वे फाइनेंशियल प्लानिंग और निवेश में विश्वास रखते हैं?

शादी के बाद खर्चों को कैसे मैनेज किया जाएगा?

इससे वित्तीय मामलों में टकराव की संभावना कम होगी और आप बेहतर आर्थिक योजना बना सकेंगे।

## परिवार और परम्पराओं को लेकर सोच

हर इंसान अपने परिवार और परंपराओं से जुड़ा होता है, इसलिए शादी के बाद दोनों के परिवारों के बीच संतुलन जरूरी है।

वे संयुक्त परिवार में रहना पसंद करते हैं या एकल परिवार में?

त्यौहार और पारिवारिक रीति-रिवाजों को लेकर उनकी क्या सोच है?

माता-पिता और रिश्तेदारों के प्रति उनका रवैया कैसा है?

इससे शादी के बाद दोनों परिवारों के बीच सामंजस्य बैठाने में मदद मिलेगी।

बच्चों और परवरिश को लेकर क्या सोचते हैं?

बच्चे शादीशुदा जिंदगी का एक अहम हिस्सा होते हैं, इसलिए पहले से इस विषय पर चर्चा करना जरूरी है।

वे कितने बच्चों की योजना बनाते हैं?

## बच्चों की परवरिश को लेकर उनका क्या नजरिया है?

माता-पिता की जिम्मेदारियों को लेकर वे क्या सोचते हैं?

इससे शादी के बाद होने वाली गलतफहमियों से बचा जा सकता है और दोनों एक साझा निर्णय पर आ सकते हैं।

## कठिन परिस्थितियों में कैसे प्रतिक्रिया देंगे?

जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन ऐसे समय में साथी का रवैया बहुत मायने रखता है।

वे तनाव और मुश्किल समय में कैसा व्यवहार करते हैं?

क्या वे समस्या का हल शांति से निकालते हैं या गुस्से में जल्दबाजी करते हैं?

रिश्ते में किसी अनबन को कैसे सुलझाना पसंद करेंगे?

इससे शादी के बाद आने वाले कठिन समय में एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने और समर्थन देने में मदद मिलेगी।

# सर्दियों के कपड़े रखने से पहले कर लें यह जरूरी काम



सर्दियां अब धीरे-धीरे कम हो रही हैं। ऐसे में हर कोई गर्म कपड़ों को निकालकर सुरक्षित रख रहा है, जिससे उसे अगले साल भी ठीक ढंग से पहना जा सके। सर्दी खत्म होते ही अगर गर्म कपड़ों को ठीक ढंग से न रखा जाए तो उसमें बदबू, सीलन और कीड़ों के लगने की समस्या का खतरा बढ़ने लगता है। कई बार ऐसा भी होता है कि हम लंबे समय तक सर्दी के कपड़े को स्टोर कर के रखते हैं और अगले साल जब उसे बाहर निकालते हैं तो उसमें से बदबू आने लगती है। तो आज की इस खबर में हम आपको उन टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे फॉलो कर के आप अपने कपड़ों को सुरक्षित रख सकते हैं। यह टिप्स आपके लिए काफी कारगर भी साबित होगी।

## स्वेटर को बक्से में रखने से पहले करें ये काम

स्वेटर को बक्से में रखने से पहले उसमें नीम के कुछ पत्ते रख दें। नीम के पत्ते नेचुरल फ्रेशनर की तरह इस्तेमाल किया जाता है। इसे ऊनी कपड़ों में रखने से कपड़ों की ताजगी बरकरार रहती है। साथ ही जब आप अगले साल उन कपड़ों को दोबारा निकालते हैं तो इसमें से बदबू भी नहीं आती है।

## ऊनी कपड़ों को नीम के पानी से करें वॉश

- गर्म कपड़ों को रखने से पहले, उसे अच्छी तरह से वॉश कर लें, जिससे उसमें से पसीने की बदबू निकल जाए।
- इसके लिए आपको एक कंटेनर में पानी लेना होगा और उसमें कुछ ताजी नीम की पत्तियां भी डालनी होंगी।
- इस पानी को 15 से 20 मिनट कर अच्छी तरह उबाल लें।
- फिर पानी ठंडा होते ही इसे अच्छी तरह छान लें, इसके बाद इस पानी में 30 मिनट कर कपड़ों को भिगोकर रख लें।
- कपड़ों को नॉर्मल पानी से साफ कर लें और इसे अच्छी तरह धूप में सुखा लें।

## नीम के भाप से भी कर सकते हैं कपड़ों की सुरक्षा

- जिन कपड़ों को आप बार-बार नहीं धो सकते हैं, उन्हें लंबे समय के लिए रखने से पहले भाप लगा लें।
- इसके लिए आपको गर्म पानी में कुछ नीम के पत्ते डालने हैं।
- जब पानी उबलने लगे और भाप आने लगे तो अपने कपड़ों को ऊपर की तरफ टांग लें।
- 15 से 20 मिनट तक कपड़ों को भाप देने के बाद उसमें से बदबू निकल जाती है।

## रेसिपी कार्नर

# आलू पापड़






सर्दियों के मौसम में नए आलू बाजार में आने लगते हैं और यही सही समय होता है घर पर स्वादिष्ट और कुरकुरे आलू पापड़ बनाने का। होली में कई तरह के स्नैक्स परोसे जाते हैं, जिसमें आलू के पापड़ पारंपरिक नाश्ते में शामिल है। घर में बने पापड़ न केवल शुद्ध होते हैं बल्कि सालभर तक खराब भी नहीं होते। अगर आप भी लंबे समय तक चलने वाले आलू पापड़ बनाना चाहते हैं, तो यह आसान विधि अपनाएं। यह विधि आसान होने के साथ ही पारंपरिक और पूरी तरह से प्राकृतिक है, जिससे आपके पापड़ बिना खराब हुए लंबे समय तक ताजे बने रहेंगे।

### आलू पापड़ के लिए जरूरी सामग्री

एक किलो नए आलू
आधा कप साबूदाना
नमक
हींग
आधा छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर।

### आलू पापड़ बनाने की आसान विधि

आलू उबालकर छिला निकालें, फिर अच्छी तरह से मैश कर लें।

3-4 घंटे भीगे साबूदाना तो पानी में उबालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें।

ठंडा होने पर इसे आलू के पेस्ट में मिला दें।

आलू में स्वादानुसार नमक, हींग और काली मिर्च डालकर अच्छे से मिलाएं।

### पापड़ फैलाने का तरीका

एक प्लास्टिक शीट या सूती कपड़े को धूप में बिछाएं।

अब चम्मच की मदद से छोटे-छोटे गोल पापड़ के आकार में मिश्रण फैलाएं।

ध्यान रखें कि पापड़ ज्यादा मोटे न हों, वरना जल्दी नहीं सूखेंगे।

पापड़ों को तीखी धूप में 2-3 दिन तक सुखाएं, ताकि इनमें नमी न रहे।

जब पापड़ पूरी तरह से सूख जाएं और टूटने लगें, तो समझ लें कि वे तैयार हैं।

### आलू पापड़ कैसे स्टोर करें?

एयरटाइट कंटेनर में रखें ताकि नमी न पहुंचे।

इन्हें 6-12 महीने तक आराम से स्टोर किया जा सकता है।

बरसात के दिनों में कंटेनर में थोड़ा नमक डालकर रखें, ताकि नमी से बचाव हो।

## न्यूज इन ब्रीफ

### तमिलनाडु में वैध दस्तावेजों के अभाव में 15 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया

**इरोड :** तमिलनाडु के इरोड जिले में दो महिलाओं समेत 15 बांग्लादेशी नागरिकों को बिना उचित दस्तावेजों के यहां रहने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पणिक्कम्पालयम, मेट्टुकादाई और पेरुंदुरई में छापेमारी की गई, जहां ऐसी रिपोर्ट मिली थी कि विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के निजी फर्मों में रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। पुलिस को शुक्रवार रात को अपने छापेमारी अभियान के दौरान पता चला कि 15 लोग विभिन्न निजी कंपनियों में और राजमिस्त्री के रूप में काम करते थे। उन्होंने बताया कि जब उनसे पासपोर्ट और वीजा सहित वैध यात्रा दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया तो कोई भी ऐसा नहीं कर सका। फिलहाल हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है, हालांकि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### महाकुंभ के भंडारण शिविर में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** महाकुंभ नगर के सेक्टर-19 में शनिवार की शाम एक भंडारण शिविर में आग लग गई जिससे सात टेंट पूरी तरह जल गए। हालांकि, इस घटना में कोई जनहानि की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि शनिवार शाम सेक्टर-19 में एक भंडारण शिविर में आग लग गई जिससे आग की चपेट में आकर सात टेंट जल गए। आग लगने की सूचना मिलते ही दो मिनट में अग्निशमन विभाग की मोटरसाइकिलें पहुंच गईं जिसके तुरंत बाद चार गाड़ियां भी पहुंचीं। उन्होंने बताया कि पांच मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। आग की इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के समय भंडारण शिविर के लोग मेले से वापसी की तैयारी कर रहे थे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में मुंबई में 12 स्थानों पर ईडी की छापेमारी

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 142 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच के तहत मुंबई में 12 स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मेसर्स रियाल्टो एक्जिम प्राइ-वेट लिमिटेड, मेसर्स पुष्पक बुलियन प्राइवेट लिमिटेड, चंद्रकांत पटेल और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की है। एजेंसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, इसने बृहस्पतिवार को तलाशी ली और अचल संपत्तियों और चल संपत्तियों (बैंक फंड) और कई अन्य 'अपराध साबित करने वाले' दस्तावेजों का ब्योरा बरामद किया, जिन्हें जब्त कर लिया गया या फ्रीज कर दिया गया। इस मामले में नामित लोगों पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया को गलत तरीके से 142.72 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मैसर्स रियाल्टो एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड पुष्पक समूह से जुड़ा हुआ है और वित्तीय हेरफेर के लिए बिना किसी वास्तविक व्यापार या व्यवसाय के पुष्पक की विभिन्न संबंधित संस्थाओं के साथ लेनदेन में शामिल था।

# भारतीय रेलवे बेंगलुरु शहर से हवाई अड्डे तक ट्रेन सेवा का विकल्प पेश करेगी: अश्विनी वैष्णव

**बेंगलुरु :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सड़क, मेट्रो रेल और उपनगरीय रेलवे सेवाओं के अलावा उनका मंत्रालय केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से बेंगलुरु शहर तक ट्रेन यात्रा का विकल्प भी पेश करेगा। हालांकि उन्होंने कहा कि इसे लागू करने से पहले कुछ तकनीकी चुनौतियों का समाधान किया जाना आवश्यक है और रेलवे की टीम उन्हें हल करने पर काम कर रही है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों के पास मेट्रो रेल, सड़क और उपनगरीय रेलवे परियोजना के माध्यम से बेंगलुरु हवाई अड्डे तक पहुंच है। वैष्णव ने



कहा कि हम हवाई अड्डे के लिए रेलवे संपर्क का विकल्प भी बना रहे हैं। उन्होंने याद किया कि अपनी पिछली यात्रा के दौरान वह हवाई अड्डे से शहर तक ट्रेन से यात्रा करके आये थे। मंत्री ने कहा, मुझे लगा कि यह 40 से 45 मिनट की आरामदायक यात्रा है। हालांकि, कुछ तकनीकी मुद्दे थे, खासकर रेल फ्लाईओवर बनाने की आवश्यकता थी। टीम ने अब आवश्यक कार्य पूरा कर लिया है और उन्होंने आज मेरे सामने अवधारणा प्रस्तुत की है। मैं इसे जल्द ही आपके साथ साझा करूंगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने 1.5 करोड़ की आबादी वाले बेंगलुरु शहर के लिए उपनगरीय और मेट्रो परियोजनाओं के महत्व पर जोर दिया।

### बेंगलुरु मेट्रो रेल किराया वृद्धि के लिए कर्नाटक सरकार को जिम्मेदार ठहराया

बेंगलुरु में मेट्रो रेल किराए में भारी वृद्धि को लेकर जनता के आक्रोश के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को राज्य सरकार पर दोष मढ़ते हुए कहा कि मेट्रो रेल के लिए किराया निर्धारण समिति दिल्ली में स्थित नहीं है। मंत्री ने कहा कि मेट्रो रेल किराये में बढ़ोतरी के बारे में मुख्यमंत्री से पूछा जाना चाहिए, न कि केंद्र सरकार से। वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, राज्य सरकार शहर की जमीनी हकीकत जानती है और उन्हें हर मेट्रो परियोजना के लिए प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रिया में होना चाहिए। इसलिए कृपया यह सवाल राज्य के मुख्यमंत्री से पूछें।

# महाराष्ट्र सरकार ने जबरन धर्मांतरण, 'लव जिहाद' संबंधी कानून को लेकर समिति गठित की

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने जबरन धर्मांतरण और 'लव जिहाद' के मामलों के खिलाफ नए कानून के विधिक पहलुओं के अध्ययन को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, विधि एवं न्यायपालिका, सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के सचिव और गृह विभाग के उप सचिव शामिल हैं। शुक्रवार देर रात जारी सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के अनुसार, यह समिति राज्य में मौजूदा स्थिति का अध्ययन करेगी और लव जिहाद एवं जबरन धर्मांतरण की शिकायतों से निपटने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों के संबंध में सुझाव देगी। यह समिति विधिक पहलुओं के अलावा अन्य राज्यों में निर्मित कानूनों का भी अध्ययन करेगी। इसके साथ ही वह जबरन



धर्मांतरण और 'लव जिहाद' की घटनाओं को रोकने के लिए कानून की सिफारिश करेगी। लव जिहाद एक शब्द है जिसका इस्तेमाल दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं और संगठनों द्वारा मुस्लिम पुरुषों पर विवाह के माध्यम से हिंदू महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तित करने की साजिश का आरोप लगाने के लिए किया जाता है। इस घटनाक्रम पर महाराष्ट्र के मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में लव जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रही है। मुंबई उपनगरीय जिले के संरक्षक मंत्री लोढ़ा ने इस कदम के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, लव जिहाद एक गंभीर मुद्दा है और राज्य सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने की दिशा में काम कर रही है। लव जिहाद के मामलों को सुलझाने के लिए गठित समिति महिलाओं की सुरक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए काम करेगी। मुंबई और आसपास के इलाकों में हुई कुछ घटनाओं के बारे में बात करते हुए लोढ़ा ने कहा, श्रद्धा वाकर की आफताब अमीन ने बेरहमी से हत्या कर दी। रूपाली चंदनशिव की हत्या इकबाल शेख ने की। पूनम क्षीरसागर की हत्या निजाम खान ने की। उरण की यशश्री शिंदे की हत्या दाऊद शेख ने की।

## छत्तीसगढ़ में निकाय चुनावों में भाजपा ने जीत दर्ज की, महापौर के सभी 10 पदों पर कब्जा

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अब राज्य के



अधिकांश नगरीय निकायों के चुनावों में भी जीत हासिल की है। राज्य में भाजपा ने महापौर के सभी 10 पदों पर जीत हासिल की है। विपक्षी दल कांग्रेस ने नगरीय निकाय चुनावों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन वह जशपुर जिले के कुनकुरी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद जीतने में सफल रही। जशपुर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गृह जिला है। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि 10 नगर निगमों, 49 नगरपालिका परिषदों और 114 नगर पंचायतों सहित 173 नगरीय निकायों के लिए 11 फरवरी को चुनाव हुए थे, जिसमें 72.48 प्रतिशत मतदान हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि मतगणना शनिवार को हुई। नतीजों के अनुसार, भाजपा ने सभी 10 नगर निगमों में महापौर के पद पर जीत हासिल की है। 2019-2020 में हुए पिछले स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस ने इन सभी सीटों पर कब्जा किया था।

# अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में नयी यात्रा शुरू हुई: धनखड़

**कटरा (जम्मू-कश्मीर) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में एक नयी यात्रा शुरू हुई है और यहां के लोगों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का परोक्ष संदर्भ देते हुए धनखड़ ने कहा कि इस धरती के एक महान सपूत ने एक बार 'एक देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान' की मांग उठाई थी और वह सपना अनुच्छेद 370 के हटने के बाद पूरा हुआ, जो पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्रदान करता था। उपराष्ट्रपति ने यहां श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय



(एसएमवीडीयू) के 10वें दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "जहां कभी अव्यवस्था थी, वहां अब वास्तविक व्यवस्था और स्थिरता है।" उन्होंने कहा, "पीढ़ियों की आकांक्षाओं को उस समय पंख मिले जब 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ अलगाव की संवैधानिक दीवारें ढह गईं। माता वैष्णो देवी की पवित्र भूमि पर एक नयी तीर्थयात्रा शुरू हुई। यह अलगाव से एकीकरण की यात्रा है। अनुच्छेद 370 संविधान में एक अस्थायी अनुच्छेद था।" धनखड़ ने कहा कि संविधान निर्माता बी आर आंबेडकर ने अनुच्छेद 370 को छोड़कर सभी अनुच्छेदों का मसौदा तैयार किया था। उपराष्ट्रपति ने कहा, "मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को देखें और जानें कि उन्होंने ऐसा करने से क्यों मना कर दिया था।"

## इलाहाबादिया का फोन बंद है, रैना को बयान दर्ज कराने के लिए 10 मार्च तक का वक्त: मुंबई पुलिस

**मुंबई :** मुंबई पुलिस पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया का पता नहीं लगा पा रही है क्योंकि उसका फोन बंद है, जबकि कॉमेडियन समय रैना को उसके यूट्यूब शो में की गई विवादास्पद टिप्पणियों से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में 10 मार्च तक पेश होने के लिए कहा गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणियों की व्यापक स्तर पर आलोचना हो रही है। इस सिलसिले में देश भर में कई स्थानों पर इलाहाबादिया एवं अन्य के खिलाफ पुलिस में कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। पॉडकास्टर ने यह विवादित टिप्पणी रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की थी। अधिकारी ने बताया कि खार पुलिस इलाहाबादिया से संपर्क नहीं कर पाई है क्योंकि उसका फोन बंद है। उन्होंने बताया कि रैना के वकील ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर और वक्त मांगा है क्योंकि उनका मुवक्किल फिलहाल अमेरिका में है। वकील के अनुरोध पर पुलिस ने रैना को बयान दर्ज कराने के लिए 10 मार्च तक का वक्त दिया है। इलाहाबादिया ने पहले खार पुलिस से अनुरोध किया था कि वह उसका बयान उसके आवास पर ही दर्ज कर ले लेकिन पुलिस ने पॉडकास्टर के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। पुलिस शुक्रवार को वर्सोवा इलाके में उसके फ्लैट पर गई, लेकिन वह बंद मिला। मुंबई पुलिस ने भाजपा के एक पदाधिकारी की शिकायत पर अपूर्वा मखीजा, आशीष चंचलानी और इलाहाबादिया के मैनेजर समेत आठ लोगों के बयान दर्ज किए हैं। हालांकि, शहर की पुलिस ने इस संबंध में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की है।

# रणवीर इलाहाबादिया ने फिर से माफी मांगी, कहा- धमकियां मिल रही हैं

**नयी दिल्ली :** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता और सेक्स पर अपनी टिप्पणी के लिए शनिवार को फिर से माफी मांगी, लेकिन कहा कि वह डरा हुआ है क्योंकि उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इलाहाबादिया समय रैना के कॉमेडी शो "इंडियाज गॉट लेटेंट" में माता-पिता और सेक्स पर अपनी टिप्पणी को लेकर सोमवार को विवादों में घिर गया। विभिन्न सोशल मीडिया मंच पर इलाहाबादिया के 1.6 करोड़ फॉलोअर हैं। विवाद बढ़ने के साथ इलाहाबादिया और शो से जुड़े लोगों के खिलाफ़ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। इलाहाबादिया



ने अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी थी। शनिवार को इलाहाबादिया ने 'एक्स' पर एक और माफीनामा जारी किया और कहा कि वह और उसकी टीम पुलिस और अन्य सभी अधिकारियों के साथ सहयोग कर रही है। इलाहाबादिया ने कहा, "मैं उचित प्रक्रिया का पालन करूंगा और सभी एजेंसियों के लिए उपलब्ध रहूंगा। माता-पिता के बारे में मेरी टिप्पणी असंवेदनशील और अपमानजनक थी। बेहतर करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं वास्तव में इसके लिए खेद व्यक्त करता हूं।" इलाहाबादिया ने लिखा, "लोग मुझे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं और कह रहे हैं कि वे मुझे मारना चाहते हैं और मेरे परिवार को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। लोग मरीज बनकर मेरी मां के क्लिनिक में घुस आए। मैं डरा हुआ महसूस कर रहा हूं और मुझे नहीं पता कि क्या करना है। लेकिन मैं भाग नहीं रहा हूं। मुझे पुलिस और भारत की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।"

## यात्रियों की शिकायतों की सक्रियता से निगरानी के लिए सभी जोन, मंडलों में 'वॉर रूम' होने चाहिए: रेलवे बोर्ड

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने सभी जोन और मंडलों को पर्याप्त अधिकारियों के साथ 'वॉर रूम' बनाने को कहा है, ताकि "रेल-मदद" के माध्यम से प्राप्त यात्रियों की शिकायतों की सक्रियता से निगरानी और समाधान किया जा सके। शिकायत निवारण तंत्र, "रेल-मदद" एक एकीकृत शिकायत-समाधान पहल है, जिसके तहत यात्री 139 नंबर पर कॉल करके या रेलवे के संबद्ध एप्लिकेशन (ऐप) या पोर्टल का उपयोग कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं या सुझाव दे सकते हैं। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने हाल ही में मंडलों के निरीक्षण दौरे पर पाया कि उनमें से कई में उपयुक्त "वॉर रूम" उपलब्ध नहीं है। मंडल नियंत्रण कार्यालय में शिकायत निवारण तंत्र की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए रेलवे बोर्ड ने विभिन्न जोन और मंडलों को भेजे अपने पत्र में कहा, "सभी मंडलों और जोन में रेल-मदद के जरिये मिलने वाली शिकायतों की सक्रिय निगरानी के लिए एक वॉर रूम होना चाहिए।" कुछ मंडलों ने बोर्ड के निर्देशों को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसमें संबंधित विभागों को वॉर रूम में अधिकारियों को तैनात करने के लिए कहा गया है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि कुमार ने कुछ मंडलों का निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य "वॉर रूम" की वर्तमान स्थिति का पता लगाना और आवश्यक पहल के साथ उन्हें मजबूत करने के तरीके सुझाना था।

## गोगोई की पत्नी के पाकिस्तान के साथ संबंध की जांच के लिए एसआईटी गठित हो सकती है: हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर हमला तेज करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि उनकी (गो-गोई की)पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तान के साथ संबंधों के सिलसिले में मामला दर्ज किया जा सकता है और उसकी जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि "समूचे समर्थन तंत्र (इकोसिस्टम) और सहानुभूति रखने वालों' समेत पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी, क्योंकि इस बात की आशंका जताई जा रही है कि कहीं आईएसआई ने उस समय मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में घुसपैठ करने का प्रयास तो नहीं किया था, जब गौरव गोगोई के पिता दिवंगत तरुण गोगोई राज्य के मुख्यमंत्री थे। गौरव गोगोई ने कहा है कि भाजपा उन्हें और उनके परिवार को बदनाम करने में बहुत आगे निकल गयी है। उन्होंने उनपर लगाये गये आरोपों को 'दुर्भावनापूर्ण एवं निराधार' करार देते हुए कहा कि वह उपयुक्त कानूनी कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, "स्थिति धीरे-धीरे उभरकर



सामने आ रही है। अधिकाधिक सूचना सामने आ रही है।" उन्होंने कहा कि इस बात की पक्की जानकारी है कि कोलबर्न अपनी शादी के बाद पाकिस्तान गई थीं, लेकिन अभी यह पता नहीं चल पाया है कि उनके पति उनके साथ गए थे या नहीं। शर्मा ने कहा, "कई तरह की गहरी जानकारियां सामने आ रही हैं। मंत्रिमंडल कल इस पर चर्चा करेगा और संभवतः एक एसआईटी गठित की जाएगी, क्योंकि जांच को आगे बढ़ाने, पासपोर्ट और वीजा विवरणों की पुष्टि करने के लिए पुलिस मामले की जरूरत है।" उन्होंने कहा कि 'समूचे समर्थन तंत्र और समर्थकों"

## राष्ट्रहित में की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात की सराहना: शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करने को लेकर अपना बचाव करते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने भारत के हितों को ध्यान में रखते हुए बात की। उन्होंने कहा कि हम हमेशा केवल पार्टी हित के संदर्भ में बात नहीं कर सकते। पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा कि मोदी की अमेरिका यात्रा से भारतीय लोगों के लिए कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। साथ ही, उन्होंने बताया कि इस यात्रा में कुछ सवाल अनुत्तरित रह गए, जैसे कि अवैध अप्रवासियों को भारत वापस कैसे लाया गया, इस मुद्दे पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा, क्या प्रधानमंत्री मोदी ने बंद दरवाजों के पीछे इस मुद्दे को उठाया? कूटनीति में, सब कुछ सार्वजनिक रूप से नहीं रखा जाता। अगले नौ महीनों में व्यापार और शुल्क पर वार्ता आयोजित करने के समझौते का स्वागत करते हुए, थरूर ने कहा, यह वाशिंगटन द्वारा जल्दबाजी में और एकतरफा तरीके से हम पर शुल्क लगाने से कहीं बेहतर है, जिससे हमारे निर्यात को नुकसान हो सकता था।

# मेट्रो यात्रियों के एएफसी गेट लांघने पर डीएमआरसी ने कहा, लोगों की संख्या एकाएक बढ़ने से हुआ

**नयी दिल्ली :** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने जामिया मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर लोगों के स्वचालित किराया संग्रह द्वार को फांदकर पार करने के एक वीडियो के सोशल मीडिया पर कई बार प्रसारित होने पर शनिवार को कहा कि दरअसल कुछ समय के लिए यात्रियों की संख्या बढ़ गयी थी। यह घटना 13 फरवरी को डीएमआरसी की 'वॉयलेट लाइन' पर हुई। वीडियो में बड़ी संख्या में लोगों को स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) द्वार को कूदते हुए देखा जा सकता है। कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन पर इस कृत्य की रिकार्डिंग कर



ली। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (कोरपोरेट संचार) अनुज दयाल ने कहा, "बृहस्पतिवार शाम कुछ समय के लिए यात्रियों की संख्या में अचानक वृद्धि हो गई थी, जब उनमें से कुछ लोग एएफसी गेट को फांदकर बाहर निकल गए थे।" उन्होंने कहा, "यात्रियों को परामर्श देने के लिए सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी पर्याप्त संख्या में थे तथा स्थिति कभी भी नियंत्रण से बाहर नहीं हुई।" उन्होंने कहा कि एएफसी गेट के पास अचानक भीड़ बढ़ने के कारण कुछ यात्रियों की यह क्षणिक प्रतिक्रिया थी।

## सद्गुरु ने परीक्षा से पहले तनाव से बचने और आनंदपूर्वक सीखने के मंत्र दिए

**नयी दिल्ली :** आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने प्रधानमंत्री की 'परीक्षा पे चर्चा' के तहत शनिवार को छात्रों के साथ आनंदपूर्वक सीखने और परीक्षा से पहले तनाव से बचने के मंत्र साझा किए। उन्होंने कहा कि पाठ्यपुस्तकें बुद्धिमत्ता के लिए चुनौती नहीं हैं और छात्रों को अपने ऊपर तनाव को हावी नहीं होने देना चाहिए। पारंपरिक 'टाउन हॉल' प्रारूप से हटकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बार अधिक अनौपचारिक माहौल को प्राथमिकता दी और छात्रों को अपने वार्षिक संवाद के लिए दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी ले गए। सद्गुरु ने कहा, "आपकी पाठ्यपुस्तक आपकी बुद्धिमत्ता के लिए चुनौती नहीं है, चाहे आप कोई भी हों। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने अब तक स्कूल में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। मैं आपको बता रहा हूं कि पाठ्यप-स्तकें कोई चुनौती नहीं हैं।" उन्होंने छात्रों से कहा, "आप खेल-खेल में क्यों नहीं सीख सकते? यदि आप इसे खेल-खेल में सीखते हैं, तो आपकी पाठ्यपुस्तक चुनौती नहीं होगी।" छात्रों को ध्यान लगाने का गुर बताते हुए सद्गुरु ने कहा कि बुद्धिमत्ता का मतलब उपयोगिता से नहीं है। उन्होंने कहा, "बुद्धिमत्ता



जीवन के अनुभव की गहराई पैदा करती है। अगर आप तनाव महसूस करते हैं, तो इसका मतलब है कि मस्तिष्क को ठीक से पोषण नहीं मिल रहा है।" मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी 'परीक्षा पे चर्चा' के विभिन्न एपिसोड में जीवन के प्रमुख पहलुओं पर अपने अनुभव और ज्ञान साझा किए हैं। स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम का पहला संस्करण 2018 में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया गया था। इसका सातवां संस्करण पिछले साल भारत मंडपम में 'टाउन हॉल' प्रारूप में आयोजित किया गया था, जिसमें देश-विदेश के प्रतिभागी शामिल हुए थे।

## महाराष्ट्र की जनता ने विधानसभा चुनाव में दिखा दिया कि कौन सी शिवसेना असली है : एकनाथ शिंदे

**रत्नागिरी :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि असली शिवसेना कौन सी है। शिवसेना प्रमुख ने कोंकण क्षेत्र में पार्टी की प्रभावशाली जीत का जश्न मनाने के उद्देश्य से रत्नागिरी में आयोजित 'धन्यवाद' रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। शिंदे ने विपक्षी दलों पर निर्वाचन आयोग, उच्चतम न्यायालय, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को दोषी ठहराने और मतदाता सूची में विसंगतियों को चुनावी हार के लिए जिम्मेदार ठहराने का भी आरोप लगाया। उन्होंने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) पर निशाना साधते हुए कहा कि वह एक परिवार के लिए काम करती है, जबकि उनकी शिवसेना महाराष्ट्र के लिए काम करती है। शिंदे ने कहा कि विपक्ष फर्जी विमर्श फैलाता है, लेकिन शिवसेना सकारात्मक काम करती है, यही वजह है कि लोगों ने विधानसभा चुनाव में उसे वोट दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के 'महायुति' (गठबंधन) ने नवंबर 2024 में हुए विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शिवसेना को शिवसेना (उबाठा) से दो लाख से अधिक वोट मिले थे। शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में शिवसेना (उबाठा) ने 97 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन केवल 20 सीटों पर जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली शिवसेना ने 87 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन 60 सीटें जीतीं और अपनी प्रतिद्वंद्वी से 15 लाख अधिक वोट हासिल किए।

# सीबीएसई की 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू, 42 लाख से अधिक छात्र देंगे परीक्षा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परी-क्षाएं शनिवार को शुरू हो गईं तथा देश-विदेश में 7,800 से अधिक केंद्रों पर 42 लाख से अधिक छात्र इसमें शामिल होंगे। इस बीच, छात्रों ने परीक्षा को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया दी। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार, 10वीं कक्षा के कुल 24.12 लाख छात्र 84 विषयों की परीक्षा देंगे, जबकि 17.88 लाख से अधिक छात्र 120 विषयों में 12वीं कक्षा की परीक्षा देंगे। परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेशों में 26 केंद्रों पर हो रही हैं। ये परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेश में 26 केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के पहले दिन दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी (संचार) और



अंग्रेजी (भाषा एवं साहित्य) की परीक्षा दी, जबकि 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने उद्यमिता की परीक्षा दी। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, कक्षा 10 और 12 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। आज कक्षा 10 की अंग्रेजी और कक्षा 12 की उद्यमिता की परीक्षा आयोजित की गई। दसवीं कक्षा की परीक्षा 7,780 केंद्रों पर हुई, जिसमें 23.86 लाख से अधिक छात्र उपस्थित हुए, जबकि 12वीं की परीक्षा 995 केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें लगभग 23,000 छात्र शामिल हुए। उन्होंने कहा, परीक्षाएं सुचारू रूप से आयोजित की गईं। सभी छात्र उत्साह के साथ अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और सकारात्मक माहौल में परीक्षा दी। भारद्वाज ने कहा कि सीबीएसई ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देश और सुरक्षा उपाय लागू हों। उन्होंने कहा, निष्पक्ष और निर्बाध परीक्षा के लिए स्कूलों और परीक्षा केंद्रों को सख्त प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी दी गई है। सीबीएसई ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों के प्रिंसिपल की मौजूदगी में एक लाइव वेबकास्ट का आयोजन किया था, जिसमें स्कूलों और हितधारकों के लिए आवश्यक परीक्षा दिशानिर्देशों को रेखांकित किया गया। कक्षा 10 की परीक्षाएं 18 मार्च जबकि कक्षा 12 की परीक्षाएं चार अप्रैल को समाप्त होंगी। सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं से पहले परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने और छात्रों को उनकी सैद्धांतिक परीक्षाओं की तैयारी में सहायता करने के लिए अपनी वार्षिक परामर्श सेवा शुरू की।

